मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 11 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 5 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 07 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है

टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बागी 4' की कमाई में आई गिरावट ◂◂ 6

ओझा-गुणी के आरोप में एक व्यक्ति को तालीबानी सजा!

पहले जीभ काटा फिर मारकर जला दिया

संवाददाता

चतरा: जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के खूंटीटोला गांव में ओझा-गुणी के आरोप में एक व्यक्ति की नृशंस हत्या कर दी गई। दबंगों ने 45 वर्षीय धर्मदेव उरांव का पहले नृशंसता के साथ जीभ काटा, उसके बाद लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को जला डाला। गांव में पहले पंचायत हुई, इसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दिया।

डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बताया कि कुछ महीने पहले मृतक के गोतिया में एक युवक की मौत हुई थी। इस मौत का जिम्मेदार धर्मदेव को ही माना जा रहा था। अंदेशा है कि इसी मौत का बदला देने के लिए हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।

धर्मदेव (मृतक) के तीन बेटे हैं, जिसमें एक पुत्र मंगलवार को ही बाहर से अपने घर लौटा था। मृतक के तीनों पुत्रों का परिवार और मृतक की पत्नी भी घर से गायब है। आशंका है कि या तो दबंगों ने उनसबों को कब्जे में ले लिया है या दबंगों के भय से वे लोग गांव छोड़कर फरार हैं।

इधर, पुलिस की टीम को देखते ही मृतक के गोतिया (कथित हत्या के आरोपी) घरों में ताला लगाकर फरार हैं। गांव वाले हत्या की वारदात को लेकर कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। घटना क्यों और किसने की, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

राइफल साफ करते समय दबा ट्रिगर, सिर में लगी गोली , हवलदार की मौत

पश्चिमी सिंहभूम: जिले से 52 साल के हवलदार बारगी उरांव की पुलिस बैरक में गोली लगने से मौत होने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि हवलदार अपने बैरक में इन्सास राइफल की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गलती से ट्रिगर दब गया और राइफल से निकली गोली उनके सिर में जा लगी। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हालांकि, संबंधित अधिकारी अब तक इस मामले में बोलने से बच रहे हैं।

बारगी उरांव पश्चिमी सिंहभूम के गुवा थाना में तैनात थे। वह गुमला के घाघरा कोहीपाट जाम टोली के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार को अपने बैरक में इंसास राइफल की सफाई कर रहे थे। राइफल भरी हुई (लोडेड) थी। इस बात का या तो उन्हें अनुमान था या फिर नजरअंदाज किया। लेकिन, एक चूक और उनकी मौत हो गई। राइफल की सफाई करते वक्त उसका ट्रिगर दब गया और गोली सीधा उनके खोपड़ी में जा लगी।

बैरक से गोली चलने की आवाज आई तो सब चौकन्ने हो गए। अंदर आकर देखा तो हवलदार बारगी उरांव को गोली लगी देखी। आनन-फानन में उन्हें गुवा अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि गोली खोपड़ी में लगने के कारण घाव गंभीर थे। इसके चलते इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

त्योहारी सीजन में दिल्ली दहलाने की साजिश नाकाम, पांच आतंकी पकड़ाए, आईईडी बनाने वाला सामान बरामद

नई दिल्ली : आगामी त्योहारी सीजन में दिल्ली-एनसीआर को दहलाने की साजिश रच रहे पांच आतंकियों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आतंकियों को पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से दबोचा है।

पुलिस ने इनके पास से आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला कुछ सामान भी बरामद किया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि गिरफ्तार आतंकियों में से दो दिल्ली से, एक मध्य प्रदेश से, एक हैदराबाद से और एक रांची से गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले बुधवार को पुलिस ने दो आतंकी रांची और दिल्ली से गिरफ्तार किए थे। गिरफ्तार अशरफ दानिश उर्फ अशहर दानिश और आफताब आतंकी मॉड्यूल गजवा-ए-हिंद के लिए मुस्लिम युवाओं को जिहादी बनाते थे और देश के खिलाफ आतंकी गतिविधियां करने के लिए तैयार करते थे।

उनके तार पाकिस्तानी आतंकी संगठन व खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े होने के सुबूत मिले हैं। इस आधार पर आठ अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है, जिनसे स्पेशल सेल, एनआईए व आइबी समेत अन्य केंद्रीय एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

अमेरिकी सांसदों ने दी चेतावनी, कहा-

ट्रंप की नीतियों ने भारत के साथ 25 साल पुराने रिश्तों को खतरे में डाला

वाशिंगटन : अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीतियों और कूटनीतिक फैसलों ने भारत-अमेरिका के 25 साल पुराने मजबूत रिश्तों को खतरे में डाल दिया है। इस पर चिंता जताते हुए डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने एक आपातकालीन कॉन्फ्रेंस कॉल आयोजित की, जिसमें कई पूर्व राजनयिकों और उद्योगपतियों ने भाग लिया।

यह कॉल कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रो खन्ना ने बुलाई थी। इसमें पूर्व अमेरिकी राजदूत रिच वर्मा, एरिक गासेर्टी, उद्योगपति विनोद खोसला और कई भारतीय मूल के टेक लीडर्स शामिल हुए।

देख रहें हो, नेपाल और बांग्लादेश का क्या हाल है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमें अपने संविधान पर है गर्व

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान संविधान की ताकत और इसकी अहमियत को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व करना चाहिए, क्योंकि यह जनता के अधिकारों की रक्षा करता है और लोकतंत्र को मजबूती देता है।

सुनवाई के दौरान नेपाल में इस हफ्ते और बांग्लादेश में पिछले साल जुलाई में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों का भी जिक्र किया गया। चीफ जस्टिस बी.आर. गवई ने कहा कि हमारे संविधान में राष्ट्रपति को किसी भी कानून से

जुड़े सार्वजनिक महत्व के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेने का अधिकार दिया गया है, जो इसे और मजबूत बनाता है।

नेपाल में इस सप्ताह हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों (और पिछले वर्ष जुलाई में बांग्लादेश में) का जिक्र बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में हुआ, जहां सुप्रीम कोर्ट में 12 अप्रैल के आदेश पर राष्ट्रपति के संदर्भ में सुनवाई हुई. कोर्ट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपालों के लिए राज्यों के विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय सीमा निर्धारित की थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपालों की ओर से विधेयक रोके जाने की जानकारी दी तो वहीं कपिल सिब्बल ने कहा कि 2014 के बाद ऐसे मामले बढ़ गए हैं और उससे पहले ऐसा होता ही नहीं था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं तो आपकी सरकार की भी तारीफ कर रहा हूं। 1970 के बाद से अब तक डेटा मैंने पेश किया है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि आपको तारीफ करनी ही चाहिए क्योंकि 2014 से पहले ऐसा हुआ भी नहीं था। इस पर मेहता ने कहा कि मैंने तो सटीक डेटा दिया है कि कैसे संविधान काम करता है। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह भी कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि राज्यपाल केंद्र सरकार का एजेंट नहीं होता है। वह एक न्यूट्रल संवैधानिक पदाधिकारी होता है, जो निष्पक्ष होकर ही काम करता है। वह संविधान के अनुसार ही काम करता है और उसके अनुसार फैसले लेने में राज्य सरकार को मदद करता है। वह राज्य सरकार और केंद्र के बीच किसी भी तरह के मतभेद में अहम भूमिका अदा करता है।

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से 'सुप्रीम कोर्ट ' का इनकार

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले आगामी एशिया कप क्रिकेट मैच को रद्द करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। यह मैच 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। कानून के चार छात्रों की एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी, जिसमें इस मैच को रद्द करने की मांग की गई थी। याचिका का नेतृत्व उर्वशी जैन नामक छात्रा कर रही थीं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन राष्ट्र की गरिमा और जनभावनाओं के खिलाफ है। जब वकील ने इस याचिका को कोर्ट में अत्यावश्यक रूप से सूचीबद्ध करने की मांग की, तब सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई शामिल थे, ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'इसमें इतनी जल्दी क्या है? ये तो सिर्फ एक मैच है, होने दीजिए। मैच रविवार को है, अब क्या किया जा सकता है?' वकील ने आग्रह किया कि अगर शुक्रवार तक याचिका नहीं सुनी गई, तो यह निरर्थक हो जाएगी, क्योंकि मैच रविवार को होना है। इस पर कोर्ट ने दोबारा कहा, 'हम क्या कर सकते हैं? मैच होने दीजिए।'

न्यूज ब्रीफ

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिला स्तरीय परामर्श कार्यक्रम

खूंटी: विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2025 के अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम पर जिला स्तरीय परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का थीम आत्महत्या पर बदलती कथा पर केंद्रित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की रोकथाम के उपायों पर चर्चा करना था। यह आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डफंड इंडिया, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी), झारखंड और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री (सीआईपी), रांची के तकनीकी सहयोग से समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सीआईपी रांची के डॉक्टर, टेली-मानस सेल के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के प्रतिनिधि, चाइल्डफंड इंडिया और सिनी संस्था के प्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, चाइल्डफंड इंडिया द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों की एक प्रस्तुति दी गई। राज्य परामर्शदाता (एनएमएचपी, झारखंड) शंतना कुमारी ने मानसिक स्वास्थ्य आउटरीच सेवाओं के बारे में जानकारी दी, जबकि समापन सत्र में डॉ. बुधनयन रॉय (टेली-मानस, झारखंड) ने टेली-मानस सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

विशेषज्ञों ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि आत्महत्या का कारण केवल अवसाद ही नहीं, बल्कि कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि ऐसे संकटग्रस्त लोगों की बात सुनें, उनसे संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें मानसिक सहयोग प्रदान करें। यह सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए उपस्थित लोगों को टेली-मानस के टोल-फ्री नंबर 14416 या 1800-89-12216 और सीआईपी सुसाइड प्रिवेंशन हेल्पलाइन नंबर 93349-15046/15053 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक, घर-घर जाकर अभियान चलाने, स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित करने और सामुदायिक स्तर पर अभियान चलाने जैसे उपायों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

इंटर स्टेट चोर गिरोह के खिलाफ चतरा पुलिस को मिली सफलता

चतरा: जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी सफलता पाई है। पुलिस को यह सफलता वाहन जांच के क्रम में मिली है। पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में वाहन गिरोह के अंतरराज्यीय सरगना लक्ष्मण कुमार को पकड़ा। चोर की निशानदेही पर पूर्व में चोरी की गई मोटरसाइकिल कांड का उद्भेदन हुआ। अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार सुमन ने बताया कि कांड सं. 149/25 दिनांक 27.07.25 धारा-303(2) बी. एन. एस में मोटरसाईकिल चोरी में कांड दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में सक्रिय चोर भ्रमणशील है। सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर पांडेयपुरा सड़क की ओर करमा में वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल संख्या बीआर 02 एटी -1641 पर एक व्यक्ति प्रतापपुर की तरफ से आता दिखाई दिया।। चेकिंग में पुलिस पदाधिकारी को देखते हुए चालक मोटरसाइकिल घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस कर्मियों ने दौड़कर मोटरसाइकल चालक को पकड़ा। हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने अपना नाम लक्ष्मण कुमार (23 वर्ष) पिता अम्बिका साव ग्राम टंडवा थाना प्रतापपुर बताया। गाड़ी की कागजात की मांग करने पर चोरी की गाड़ी बतायी गई। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि उसके पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया। मोबाइल में कुछ मोटरसाइकिल की तस्वीर थी। पूछताछ करने पर बताया कि सभी तस्वीर चोरी किए गए मोटरसाइकिल की है। इसकी निशानदेही पर एक अन्य हीरो स्पलेण्डर मोटर साईकिल बरामद की गई। साथ ही चोरी गई मोटर साईकिल की डिक्की को बरामद की गई। साथ ही अन्य चोरी की गई मोटरसाइकिल की बरामदगी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।अनु पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार चोर के खिलाफ बिहार के रौशनगंज थाना क्षेत्र में चोरी का मामला दर्ज है। गिरफ्तार चोर को हंटरगंज थाना कांड स. 149/25 दिनाक 27.07.25 धारा-303(2) बीएनएस में गिरफ्तार किया गया है।छापामारी दल में पुअनि सह थाना प्रभारी प्रभात कुमार थाना प्रभारी, हंटरगंज,पुअनि रूपेश कुमार,सअनि शिव शंकर गोप,थाना एवं पांडेयपुरा पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

रैविमो के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा रैयत विस्थापितों की मांगों का ज्ञापन

चतरा: रैयत विस्थापित मोर्चा केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में टंडवा और पिपरवार कोल परियोजना का एक प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राज्यपाल, झारखंड को मोमेंटो से सम्मानित कर एवं 8 सूत्री रैयत विस्थापितों की मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिस पर महामहिम ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।ज्ञापन में वर्णित खनन क्षेत्र, विस्थापित व प्रभावित क्षेत्र-पिपरवार, एनके, मगध, आम्रपाली,राजहरा, केरेडारी बड़कागांव एनटीपीसी परियोजना सीसीएल के सभी क्षेत्र से झारखंड सरकार एवं भारत सरकार को करोड़ों का राजस्व की प्राप्ति होती है तथा उक्त क्षेत्र के विस्थापित व प्रभावित मूलभूत जन सुविधाओं से वंचित हैं। इर्द-गिर्द कोयला खनन क्षेत्र होने के कारण कोयला वाहनों का परिचालन तथा जनता, स्कूली बच्चे का आवागमन एक ही सड़क से होता है। सड़क के अभाव में आए दिन दुर्घटना तथा दुर्घटना से मौतें होते रहती है। उच्च शिक्षा तथा चिकित्सा सुविधाओं के लिए अन्य जिले व राज्यों में जाना पड़ता है जिससे कई कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। सीसीएल /एनटीपीसी से हुए विस्थापितों को पुनर्वास, मुआवजा, नौकरी तथा विस्थापित बेरोजगारों को निजी कंपनियों में रोजगार, एक करोड़ तक का ठेका- पट्टा कार्य मुहैया कराई जाए।विस्थापित व प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत जन सुविधाओं से संबंधित निम्नवत मांगों के ज्ञापन को महामहिम के समक्ष सुपुर्द किया गया।

पूर्व सीएम रघुवर दास का हेमंत सरकार पर हमला

'झारखंड में पेसा कानून लागू करो, निकाय चुनाव कराओ'

संवाददाता

रांची : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को आरोप लगाया कि झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन की सरकार जानबूझकर पेसा कानून को लागू करने में देरी कर रही है और नगरीय निकाय (यूएलबी) चुनाव टाल रही है, ताकि अपने राजनीतिक हित साध सके। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि चालू वित्तीय वर्ष में झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों के लिए केंद्र से मिलने वाली 1,400 करोड़ रुपये की राशि यदि पेसा कानून शीघ्र लागू नहीं हुआ तो समाप्त हो जाएगी।

पंचायत अधिनियम, जिसे आम तौर पर पेसा कानून कहा जाता है, 1996 में पूरे देश में लागू किया गया था। यह अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के अधिकारों को मान्यता देता है। लेकिन, इसे अब तक झारखंड में लागू नहीं किया गया है। इसी तरह, दास ने दावा किया कि नगरीय निकाय चुनाव नहीं होने के कारण राज्य हर साल 1,700झ1,800 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से वंचित हो रहा है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि 2019 में भाजपा की सरकार के दौरान हमने पेसा का मसौदा तैयार कर लिया था। लेकिन सरकार बदलने के बाद झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने 2023 में फिर से पेसा नियमों का ड्राफ्ट तैयार किया और उसे विभिन्न विभागों से राय के लिए भेजा। 2024 में इसे विधि विभाग को भेजा गया। तब से सरकार ढुलमुल रवैया अपनाकर अपने हित साध रही है। उनके मुताबिक, पेसा लागू होने से अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को बालू घाटों की नीलामी, लघु खनिजों की नीलामी और अन्य स्थानीय संसाधनों पर अधिकार मिलेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड के 13 जिलों के 112 प्रखंड इन अनुसूचित क्षेत्रों में आते हैं। रघुवर दास ने आरोप लगाया, बालू, पत्थर, कोयला और अन्य खनिजों के माफिया सिंडिकेट पेसा को लागू नहीं होने दे रहे हैं। अगर यह कानून लागू हुआ तो नेताओं की जेब में जाने वाले करोड़ों रुपये बंद हो जाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से राज्य को हर साल 2,000 से 3,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून लागू न कर हमारे आदिवासी समाज को उसके अधिकारों से वंचित करके झामुमो-कांग्रेस सरकार पिछले छह साल से बालू घाटों, लघु खनिजों और वन उत्पादों का शोषण कर रही है। मैं इसकी सीबीआई जांच की मांग करता हूं, ताकि पिछले छह वर्षों में हुए अवैध दोहन का खुलासा हो सके।

धनपति महतो का आदिवासी नेताओं को खुली चुनौती

कुर्मी समुदाय को हल्के में न लें पड़ेगा मंहगा

संवाददाता

सिल्ली: समाजसेवी सह सिल्ली विस क्षेत्र के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी धनपति महतो ने कहा आदिवासी नेता निशा भगत अजय तिर्की चाहे कोई भी हो कुर्मी समुदाय को हल्के में न लें। हम दावा के साथ कह रहे है छोटानागपुर का पठारी क्षेत्र में रहने वाले हम कुड़मी समुदाय आदिवासी थे और रहेंगे है कोइ माई का लाल रोक नही सकता है। हमारा कुड़मी जाति को ब्रिटिश शासन के तहत 1931 में आदिवासी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था. लेकिन 1950 में संविधान लागू होने के बाद, हमें इस सूची से हटा दिया गया, जिसे हम कुड़मी समुदाय एक ऐतिहासिक भूल मानते है।

वर्तमान में हम कुड़मी समुदाय एसटी का दर्जा पाने के लिए आंदोलन कर रहे है। जो भारतीय संविधान के तहत एक संवैधानिक अधिकार है। इसलिए आदिवासी नेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए आंदोलन का विरोध की बात कह कर नौटंकी करना छोड़ दें वरना महंगी पड़ेगी। अनाप-शनाप बयान देना बंद करें कुड़मी समुदाय का इतिहास पढ़े देश की आजादी और झारखंड अलग राज्य का गठन में हमारा समुदाय का संघर्ष देख रोंगटे खड़े हो जाएंगे। आगे श्री महतो ने कहा टाटा जैसी इतनी बड़ी कंपनी 90% कुड़मी के जमीन में बसा है, राजधानी रांची से 55-60 किमी दूर हिंडालको इंडस्ट्रीज मुरी कुड़मी के जमीन चल रहा है। निशा भगत अजय तिर्की आदि आदिवासी नेता कुड़मी आदिवासी है या नही सर्टिफिकेट देने वाला कौन होता है।

खूंटी में अतिक्रमण हटाओ अभियान दुकानदारों का रवैया, हम नहीं सुधरेंगे

खूंटी: नगर पंचायत खूंटी द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के बीच भी शहर के कर्रा रोड इलाके में दुकानदारों और टेम्पो चालकों का रवैया चिंताजनक बना हुआ है। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के अगले ही दिन फिर से अतिक्रमण शुरू करने की घटनाओं से नागरिकों के साथ-साथ नगर पंचायत के कर्मचारी भी परेशान हैं। शहर के सबसे घनी आबादी वाले इलाके कर्रा रोड पर लगातार यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। इसकी मुख्य वजह दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर-के बनाए गए अवैध छज्जे, सड़क पर अनियंत्रित तरीके से खड़ी गाड़ियां और अवैध टेम्पो स्टैंड बताए जा रहे हैं। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कल नगर पंचायत की टीम ने एक बड़ा अभियान चलाया और इलाके से अतिक्रमण हटाए। हालांकि, अधिकारियों के लौटते ही कुछ दुकानदारों और टेम्पो स्टैंड संचालकों ने फिर से रास्ते पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया, जिससे स्थानीय लोगों में गुस्सा है। इसकी सूचना मिलने पर आज एक बार फिर नगर पंचायत के अधिकारियों और उनके स्टाफ को सड़क पर उतरना पड़ा। टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क पर डाली गई बालू और गिट्टी जब्त कर ली। साथ ही, कर्रा रोड पर सड़क के बीचों-बीच खड़ी एक टीवीएस अपाचे बाइक को भी अपने साथ ले गई। कार्रवाई के दौरान कई दुकानों पर दोबारा लगाए गए अवैध छज्जे और सीढ़ियों को भी उखाड़ा गया। नगर पंचायत के एक अधिकारी ने बताया, लोगों की अनदेखी और हम नहीं सुधरेंगे जैसे रवैये से कार्य करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। हम लगातार निगरानी और कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन जनसहयोग के बिना इस समस्या का स्थायी समाधान मुश्किल है। लगातार हो रहे अतिक्रमण से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि आपातकालीन स्थितियों में वाहनों के लिए रास्ता निकालना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासी नगर पंचायत से इस मामले में निरंतर और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

एमपीसीएस का सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला

सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : उपायुक्त

खूंटी: नगर भवन, खूंटी में आज कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, खूंटी के तत्वावधान में बहुउद्देशीय सहकारी समिति (एमपीसीएस) का सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त आर. रॉनिटा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सहकारी समितियाँ न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं बल्कि सामाजिक एकजुटता और सामूहिक विकास की सशक्त मिसाल भी हैं। जब किसान और वनोपज संग्राहक संगठित होकर काम करते हैं तो उनकी सौदेबाजी की क्षमता बढ़ती है और उन्हें अपने उत्पाद का सही मूल्य

प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि टढउर जैसी संस्थाओं के मजबूत होने से किसानों को उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन तक हर स्तर पर सहयोग मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि बदलते समय में समितियों को पारंपरिक ढाँचों से बाहर निकलकर तकनीकी नवाचारों को अपनाना होगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म और आधुनिक प्रबंधन प्रणाली को अपनाकर पारदर्शिता, त्वरित सेवा और प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सकता है। सहकारी समितियों को चाहिए कि वे किसानों को जलवायु-स्मार्ट खेती, ऑर्गेनिक उत्पाद और मूल्य संवर्धन जैसी गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। इससे न केवल किसानों की आय दोगुनी होगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर भी निर्मित होंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से अपील की कि वे समितियों की कार्यशैली को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में सिद्धो- कान्हो सहकारिता संघ की गतिविधियों की जानकारी पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से दी गई। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, तकनीकी पक्षों एवं किसानों की आय वृद्धि के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सिद्धकोफेड की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी गई, जिनमें मुख्य रूप से किसानों एवं वनोपज संग्राहकों को उत्पादन से विपणन तक पूर्ण सहयोग एवं बाजार से जोड़ने की सुदृढ़ व्यवस्था, वर्ष 2025 से एमपीसीएस द्वारा कंपनियों को उच्च गुणवत्ता का करंज बीज उपलब्ध कराकर किसानों को बेहतर मूल्य सुनिश्चित करना, किसानों एवं वनोपज संग्राहकों के लिए नियमित क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम, 5000 से अधिक किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से लाल खेती का प्रशिक्षण एवं शत-प्रतिशत अनुदान पर टूलकिट्स एवं लाल बीज का वितरण, 500 किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण एवं शत-प्रतिशत अनुदान पर टूलकिट्स का वितरण, शहर की कंपनियों के साथ साझेदारी कर बिक्री की स्थायी व्यवस्था, किसानों के लिए फील्ड विजिट एवं विभिन्न प्रेरक कार्यक्रम,आईसीएआर संस्थानों में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र का उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

सीबीआई अधिकारी बनकर महिला से ठगी करते पकड़ाया युवक, बंगाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

धनबाद : जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र के कुमारधुबी स्टेशन रोड निवासी सरवर हुसैन को पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक महिला से ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सरवर हुसैन अपने साथियों के साथ खुद को सीबीआई का अधिकारी बताकर चौबीस परगना जिले के बारासात थाना क्षेत्र स्थित एक महिला के घर पहुंचा। उस समय महिला घर में अकेली थी। ठगों ने तलाशी लेने का नाटक किया और उसके कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिसमें से एक स्थानीय युवक पकड़ा गया। पूछताछ में उसने सरवर हुसैन का नाम बताया। इसके बाद मंगलवार की शाम पश्चिम बंगाल पुलिस चिरकुंडा थाना पहुंची और कुमारधुबी स्टेशन रोड के पास से सरवर हुसैन को हिरासत में ले लिया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को पश्चिम बंगाल ले जाया गया। यह मामला दशार्ता है कि ठग अब लोगों को गुमराह करने के लिए नकली अधिकारी बनकर भी अपराध को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है।

राजभाषा हिंदी पखवाड़ा ,कविताओं की गूंज से गूंजा डीवीसी केटीपीएस

हिंदी हमारी आत्मा और भारतीय संस्कृति की पहचान: मनोज ठाकुर

संवाददाता

कोडरमा: डीवीसी केटीपीएस में 3 से 23 सितम्बर तक चल रहे राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के तहत बुधवार को हिंदी कविता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीवीसी परिवार के सदस्यों ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा और सृजनात्मकता का ऐसा जलवा बिखेरा कि पूरा परिसर कविताओं की गूंज से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए और मंच से अपनी कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, संवेदनाएं और रचनात्मक सोच को प्रस्तुत किया। इस मौके पर मनोज कुमार ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक एवं प्रमुख, केटीपीएस

ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि हिंदी हमारी आत्मा और भारतीय संस्कृति की पहचान है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों में भाषा के प्रति प्रेम को गहरा करते हैं और साहित्यिक चेतना को नई दिशा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि डीवीसी सदैव राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ महाप्रबंधक, तपस मिर्धा, महाप्रबंधक (एएमएस) और पंकज कुमार झा, पीवीओ. वरिष्ठ प्रबंधक आशिम अमिताभ परिदा शामिल थे. जिन्होंने प्रतिभागियों की कविताओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की मौलिकता, अभिव्यक्ति और प्रस्तुति को सराहा तथा भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद डीवीसी केटीपीएस टीम से नवीन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी प्रतिभागियों व अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। हिंदी कविता प्रतियोगिता ने न केवल पखवाड़े को जीवंत बना दिया बल्कि डीवीसी परिवार में हिंदी भाषा के प्रति एक नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।

पानी की तेज धार में बहा युवक

चतरा: शहर के दिभा मोहल्ला निवासी और जामताड़ा डीटीओ कार्यालय में तैनात रोड सेफ्टी यूनिट के कर्मी दीप प्रकाश सिंहा का जामताड़ा जिले के एक नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक डीटीओ ऑफिस में कार्यरत पांच कर्मी अपना कार्य समाप्त कर मंगलवार की देर शाम एक बैगनआर कार से ग्रामीणों द्वारा जामताड़ा नदी बनाए गए डायवर्सन को पार कर रहे थे। इसी दौरान वाहन पानी में धंस गया। वाहन में बैठे चार लोग तो बाहर निकलने में सफल हो गए, लेकिन पानी की तेज धार में दीप प्रकाश उर्फ छोटू बह गए। काफी मशक्कत के बाद सुबह शव को बरामद किया जा सका। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौंप दिया है। आज तड़के शव चतरा पहुंचा। दीप प्रकाश का अंतिम संस्कार पैतृक गांव सदर थाना क्षेत्र के सिंदूवारी गांव में होगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी और आरबी हॉस्पिटल के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

चतरा: सदर प्रखंड के डाढ़ा गांव में रेड क्रॉस सोसायटी और आरबी होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 175 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान जांच शिविर में आने वाले मरीजों का ब्लड के साथ साथ ईसीजी आदि का जांच कराया गया। इस दौरान मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में आने वाले अधिकांश मरीज मौसमी बीमारी से प्रभावित पाए गए। जिसमें सर्दी खांसी बुखार आदि से पीड़ित अधिक व्यक्ति थे। शिविर में रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक, आरबी हॉस्पिटल के निदेशक जी एस राजू मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर में मरीजो की जांच डॉ इरफान, डॉ अदनान के अलावा लैब टेक्नीशियन विजय कुमार, राजू कुमार ने निभाई।

डीसी व एसपी ने दुर्गा पूजा की चल रही तैयारियों का लिया जायजा

मेट्रो रेज

रांची : जिले में दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर सहित कई वरीय अधिकारी शहर के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण करने निकले। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और पंडालों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उपायुक्त ने आयोजन समितियों से अपील की कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखें।

एसएसपी चंदन सिन्हा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले पंडालों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। वहीं, ट्रैफिक पुलिस को वाहनों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। अधिकारियों ने साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था का भी जायजा लिया और बिजली विभाग को बिना अनुमति तारों के जोड़ने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे शांति और सद्भाव बनाए रखें तथा किसी भी असामाजिक तत्व या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। रांची जिला प्रशासन का कहना है कि इस बार दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न हो सके, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

खूंटी विधायक की तबीयत बिगड़ी रिम्स रेफर

रांची: झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल घर पर आराम करने की सलाह दी है। विधायक फिलहाल रांची स्थित अपने आवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हर्निया की पुरानी समस्या है, और उसी के चलते तेज दर्द हुआ था, जिससे अस्पताल जाना पड़ा। चिकित्सकों ने हर्निया की सर्जरी कराने की सलाह दी है, जिसे वे जल्द ही करवाने की योजना बना रहे हैं।

घर में घुसकर मां-बेटी से दुष्कर्म का प्रयास और मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

रांची: राजधानी रांची के बीआइटी मेसरा ओपी क्षेत्र में बीते रविवार की शाम करीब 7-8 युवक एक महिला के घर में घुस आये। युवकों ने महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर युवकों ने महिला, उसकी नाबालिग बेटी और बेटे के साथ मारपीट की। तीनों पर रॉड से हमला किया गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद सभी युवक वहां से भाग निकले। महिला हो जनजाति परिवार की है। इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस घटना की जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने मामले पर संज्ञान लेते हुए रांची पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और घटना के मुख्य आरोपी जहीर शेख को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बीआइटी ओपी में प्राथमिकी दर्ज कर अन्य आरोपी मंसूब शेख, शोएब शेख सहित अन्य पांच की तलाश तेज कर दी गयी है।

घटना के संबंध में पीड़ित महिला ने बताया कि 7 सितंबर की देर शाम करीब 7 बजे उक्त सभी आरोपी उनके घर में घुस आये। आरोपी महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगे और दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की। शोर मचाने पर लोग जुट गये, तब सभी भाग निकले। महिला ने बताया कि बीते 16 वर्षों से वह बीआइटी ओपी क्षेत्र में रह रही है। वह दूसरे के घरों में काम कर और खेती बाड़ी कर अपना और बच्चों का लालन-पालन कर रही है।

नौसेना कमांडर आयुष रंजन का निधन अपूरणीय क्षति

रांची/जमशेदपुर: रांची में बसे संवानिवृत डिप्टी एसपी राय मनोरंजन प्रसाद एवं मीना राय के इकलौते सुपुत्र, भारतीय नौसेना के कमांडर आयुष रंजन (39 वर्ष) का आज तड़के बेंगलुरु स्थित कमांड हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। नौसेना के नेतृत्व में बेंगलुरु में ही उनकी अंत्येष्टि संपन्न हो रही है।आयुष रंजन मूलतः भरथुआ-कल्याणपुर बिहार के निवासी थे। लोयोला स्कूल जमशेदपुर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने भारतीय नौसेना में प्रवेश कर देश की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनकी देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और समर्पण भाव हमेशा स्मरणीय रहेंगे।झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कमांडर आयुष रंजन का निधन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरी छती है। ऐसे जांबाज और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।समाज इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ है और आयुष रंजन के योगदान को हमेशा याद रखेगा।

मोबाइल दुकान से 10 लाख की चोरी

मेट्रो रेज

रांची: राजधानी रांची में चोरों का आतंक बढ़ गया है। शहर में लगातार चोरी की वारदातें हो रही हैं। चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने रांची में आतंक मचा रखा है। खासकर बंद घर और दुकान चोरों के निशाने पर हैं। ताजा मामला रांची के सुखदेव नगर ओपी क्षेत्र का है। जहां चोरों ने मोबाइल दुकान को निशाना बनाया हैं।

बता दें कि दुकान का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया हैं। दुकान में रखे नगद सहित 10 लाख की चोरी हुई हैं। मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम मामले की जांच में जुट गई हैं। सुखदेव नगर थाना प्रभारी के साथ कई पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

बताया जाता हैं कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना चौक के पास वीवो मोबाइल दुकान में चोरी की घटना हुई हैं। अज्ञात अपराधियों ने दुकान के मुख्य शटर का ताला तोड़ कर घटना को अंजाम दिया गया हैं।

मुख्यमंत्री से मिला रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति का प्रतिनिधिमंडल, सहयोग की अपील

मेट्रो रेज

रांची: रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति का प्रतिनिधि मंडल लखपति साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर रांची महानगर के पूजा संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य संयोजक डॉक्टर अजीत सहाय ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो सुविधा पूजा पंडाल को मिलती है वह हमें भी मिलनी चाहिए। अन्य राज्यों के तर्ज पर हर एक पूजा कमेटी को 2 लाख 51 हजार की सहयोग राशि सरकार के ओर से सभी पूजा पंडाल को मिलनी चाहिए । महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार बाबू ने कहा कि रांची महानगर में बिजली की जर्जर व्यवस्था को ठीक कराया जाए। सभी विषयों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है की हर साल की भांति जो व्यवस्थाएं मिलती थी सरकार की तरफ से वही व्यवस्था इस बार भी आपको दी जायेगी। साथ ही आश्वासन दिया कि पूजा समितियां को हर एक तरह की सुविधा सरकार उपलब्ध कराएगी। प्रतिनिधि मंडल में मिलने वालों में डॉक्टर अजीत कुमार सहाय, प्रदीप राय बाबू, राजन वर्मा ,अमरनाथ साहू ,संजय विलोचन, महामंत्री रविंद्र वर्मा, संजय गोपू लखपति कुमार साहू ,भास्कर बर्मा ,विनोद सिंह यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

व्यक्ति का आचरण धर्म-कर्म का दर्पण : आरएन सिंह

रांची: व्यक्ति का आचरण उसके धर्म-कर्म का दर्पण होता है, जो उसके चरित्र और मूल्यों को दर्शाता है। आचरण व्यक्ति के विचारों, भावनाओं और कार्यों का प्रतिबिंब होता है।

उक्त बातें एचईसी परिसर (धुर्वा) के सेक्टर तीन स्थित आवास संख्या बी-277 निवासी धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता रविंद्र नाथ सिंह ने अपने प्रवचन में कहा।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति का आचरण उसके धर्म-कर्म के पालन का प्रतिफल होता है। जो व्यक्ति धर्म-कर्म का बखूबी पालन करता है, उसका आचरण हमेशा अच्छा होता है।

अच्छा आचरण व्यक्ति के धर्म-कर्म को मजबूत बनाता है: श्री सिंह ने कहा कि व्यक्ति का आचरण सत्यनिष्ठा का भी प्रतीक होता है। अच्छा आचरण व्यक्ति की नैतिकता को दर्शाता है।

आचरण करूणा का भी प्रतीक होता है। अच्छे आचरण वाला व्यक्ति नैतिक मूल्यों को संरक्षित रखता है।

उसका जीवन सदैव सकारात्मक दिशा में अग्रसर रहता है। इसलिए अपने आचरण को अच्छा बनाने के लिए धर्म-कर्म का पालन करना चाहिए। अपने धर्म की रक्षा करते हुए अच्छे कर्म करते रहें, इससे आपका आचरण अच्छा होगा। नतीजतन समाज में आपकी विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा बनी रहेगी। शास्त्रों में भी कहा गया है कि सत्कर्मों के आधार पर ही सद्गति की प्राप्ति होती है। इसलिए धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियों, अनुष्ठानों में शामिल हों। पूजा-अर्चना और ईश्वर के स्मरण के लिए भी अपनी दिनचर्या में से समय निकालें, सत्संग में जाएं, संतों के प्रवचन सुनें। इससे मानव जीवन की सार्थकता सिद्ध होगी।

रांची में 100 से अधिक झुग्गियों पर चला बुलडोजर, भाकपा माले ने जताया विरोध

रांची: भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी- लेनिनवादी) की रांची नगर कमेटी के सुहैल अंसारी ने कहा कि रांची के हटिया में एचईसी की जमीन से अतिक्रमण हटाने के नाम पर 30-40 वर्षों से रह रहे लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाकर 100 से अधिक घरों को तोड़ जाने की घटना को गलत बताया और कड़ा रोष व्यक्त किया है।

भाकपा माले ने कहा कि रांची राज्य की राजधानी है और रोजगार की संभावनाओं से भरा शहर है इसलिए विभिन्न जिलों से लोग सुनहरे भविष्य की तलाश में यहां आते हैं। इनमें असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, घरेलू काम करने वाली महिलाएं, निर्माण मजदूरों और सफाई कर्मियों के लिए ये झुग्गियां जीवन का आधार हैं, उनके बिना वैकल्पिक रहने की व्यवस्था किए बुलडोजर चलाना अनुचित है। भाकपा माले ने सरकार से मांग की है कि जिन लोगों के घर उजड़े हैं, उनके लिए तुरंत रहने की व्यवस्था की जाए। साथ ही, जहां ये झुग्गियां थीं, वहां की सड़क, बिजली, पानी और राशन जैसी बुनियादी सुविधाएं पुनः बहाल कराई जाएं। भाकपा माले ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नफरती एजेंडे को बाबूलाल मरांडी बढ़ावा दे रहे हैं। भाजपा के विधानसभा क्षेत्र में भी इसी तरह की कार्रवाई हुई, जिसमें सैकड़ों लोग बेघर हुए, लेकिन भाजपा ने ध्यान नहीं दिया।

सदर अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने किया निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

रांची: युवा एकता मंच के अध्यक्ष इमरान हसन की पहल पर प्रिंस मैरेज हॉल (नियर अनम टेंट हाउस) लह फैक्ट्री रोड हिन्दपीढ़ी वार्ड न। 23 रांची में सदर अस्पताल के चिकित्सकों की टीम द्वारा एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है । जिसमें सदर अस्पताल के एक्सपर्ट चिकित्सों के समूह ने 260 मरीजों का इलाज किया । शिविर की व्यवस्था संभालते हुए युवा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष इमरान हसन ने कहा कि हिन्दपीढ़ी वालों के लिए यह शिविर वरदान साबित हुआ। यहां के लोग पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पाते हैं। वे लोग वर्षों से जटिल बीमारियों से ग्रसित थे । इस शिविर के माध्यम से आज उनका सफल इलाज संभव हो पाया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा

सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी-2024-25-14 आर, दिनांक 08.09.25 उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर / परियोजना / जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी-प्रोजेक्ट जेपी 2024-25-14 आर जिसकी बंद होने की तिथि 03.10.2025 समय 15:00 बजे तक का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल में एलटीई/यूएचएफ और कवच कार्य के सम्बध में लेटीस टावरों को लगाने का प्रावधान **(2) अनुमानित लागत:** ₹ 388305940.16/- **(3) धरोहर राशि:** ₹ 2091500/- **(4) टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख:** 03/10/2025, 15:00 बजे तक। **(5) वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ जयपुर ऑफिस। 1141-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन

तपेश्वर केशरी अध्यक्ष व बीरेंद्र साहु महामंत्री बने

संवाददाता

रांची: रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रधान कार्यालय परिसर स्थित बिहार क्लब सभागार में रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति 2025 का चुनाव रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के आजीवन सदस्य सह संस्थापक मुख्य संरक्षक डॉ अजीत सहाय, अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा, महामंत्री रविन्द्र वर्मा एवं महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष जयसिंह यादव की उपस्थिति में रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की गठन की घोषणा हुई । जिसमें पिछले 16 वर्षों से राँची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के लगातार अध्यक्ष तपेश्वर केशरी एवं 11 वर्षों से लगातार महामंत्री बीरेंद्र साहु को पुनः सर्वसहमति से चुना गया। साथ ही इनके कुशल नेतृत्व में राँची ग्रामीण जिले के सभी 18 प्रखंडों से दुर्गा पूजा समिति के सक्रीय भागीदारी निभाने वाले प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए उनका चयन कर रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति की घोषणा हुई । जिसमें मुख्य संरक्षकः संजय सेठ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ,सुबोध कांत सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार,

वरीय संरक्षकः लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव,

संरक्षकः लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव (इटकी), नागेन्द्र गोस्वामी (सिल्ली), महेश महतो (रातु), राजन सिंह राजा (खेलारी),

अध्यक्षः तपेश्वर केशरी (नगड़ी)

महामंत्रीः बीरेंद्र साहु (बंसिया राहें)

कोषाध्यक्षः उपेन्द्र साहु (बंसिया राहें)

कार्यकारी अध्यक्षः रमण साहु (सिल्ली), सत्यनारायण तिवारी (ओरमांझी),

वरीय उपाध्यक्षः दुर्गा शंकर साहु (ओरमांझी), वाणी कुमार राय (बेड़ों),लाल प्रमोद सिंह (कटहल मोड़), दीपक प्रसाद (रांची खिजरी),

उपाध्यक्षः अनिल केशरी (पिठौरिया), मदन महतो (कांके), प्रो उमेश कुमार (तिर्रा),मनोज कुमार साहु (लापुंग), मोहन प्रसाद (लालगुटुवा), रंजन सिंह बिट्टू (खेलारी), अजय साहु (बुंडू अनुमंडल), परमेश्वर महतो (तमाड़), संजय भगत (सिल्ली),रामकृष्ण चौधरी (गोंदलीपोखर), प्रदीप साहु, (अनगड़ा)बलराम साहु (जोनहा), रोहिताश चौधरी (बंसिया सोनाहातू), सौमित्र शर्मा (बेड़ों), रमेश महतो (महादेव टांगडा, रातु), सुमंत कुमार साहु (बसिया राहें), हर-देव कुमार महतो।

मंत्रीः प्रेम गोप (कटहल मोड़), चंदन कुमार साहु (बुंडू), संतोष कुमार साहु (जोनहा), साकेत साहु (बुंडू), मंजीत उरांव (नगड़ी), सूरज नायक, रितेश कुमार यादव

सह मंत्रीः पवन कुमार सोनी, अशोक अग्रवाल, राजेश कुमार,

अध्यक्ष तपेश्वर केशरी एवं महामंत्री बीरेंद्र साहु ने कहा है कि आज के बैठक में बहुत सक्रिय सहयोगिगण नहीं पहुंच पाए हैं अगली बैठक में उनसे संपर्क स्थापित कर समिति का विस्तारित किया जाएगा एवं राँची जिला के सभी 18 प्रखंडों के संयोजक मंडली की भी घोषणा की जायेगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2026

कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)

आवश्यक सूचना

विभागीय निदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत कचड़ा मुक्त शहर बनाने के उद्देश्य से नागरिकों को जागरूक करने के निमित्त जागरूकता अभियान के तहत् बुण्डू नगर पंचायत अन्तर्गत अधिष्ठापित दुर्गापूजा पंडालों/समितियों के बीच "सर्वश्रेष्ट पुजा पंडाल प्रतियोगिता/ पूजास्थल" आयोजित किया जाना है । समिति एवं उनके द्वारा अधिष्ठापित पंडालों का मूल्यांकन निम्नलिखित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा:-

क्र०	विषय	अंक
01	पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़ा का पृथक्करण	10
02	पूजा पंडाल से निकलने वाले Biodegradable कचड़ा का pit disposal	10
03	पूजा पंडाल से निकलने वाले Non - Biodegradable कचडे का निस्तारण हेतु निकाय को सौंपना	10
04	पूजा पंडाल के आकर के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला dustbin की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा उनका प्रयोग	10
05	पूजा पंडाल में स्वच्छता से सम्बंधित विज्ञापन पट्ट का अधिष्ठापन/ ध्वनि विस्तारक यन्त्र (जिंगल इत्यादि)/ ऑडियो विजुअल (LED स्क्रीन) के माध्यम से प्रचार-प्रसार	10
06	विज्ञापन में बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग करना जैसे कपडे, कागज, आदि का होर्डिंग, इत्यादि अथवा वैसे होर्डिंग का प्रयोग जिसका उपयोग बार - बार किया जा सके, जैसे LED स्क्रीन, स्टैंडी आदि	10
07	पूजा पंडालों में पॉलिथीन के स्थान पर कागज /जूट या किसी अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों से बने ठोंगों का उपयोग	10
08	थूकने हेतु स्थान की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा इसका प्रयोग	10
09	निकाय द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा समिति द्वारा मूर्ति का विसर्जन	10
10	पूजा समिति/नागरिकों द्वारा किये गए अभिनव (Inovative) कार्य	10
	कुल प्राप्तांक	100

उपरोक्त मापदंडों के आलोक में नगर निकाय स्तर पर गठित समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाना है ।अधिकतम अंक अर्जित करने वाले तीन श्रेष्ट पंडाल / पूजा समिति को पुरस्कृत किया जाएगा ।

PR 361529 Urban Development (25-26)D

प्रशासक,नगर पंचायत बुण्डू

सुविचार

सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।

राधाकृष्णन से उम्मीदें

इसमें दो राय नहीं कि भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन का चुनाव विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा में निरंतरता और परिवर्तन, दोनों का ही प्रतीक है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के उम्मीदवार के के रूप में उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। यह जीत राजग सरकार की विधायी शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन को भी रेखांकित करती है। निस्संदेह, भाजपा के लिये, सीपी राधाकृष्णन का चयन एक रणनीतिक कदम ही है। तमिलनाडु के एक अनुभवी नेता, जिनकी आरएसएस में गहरी जड़ें रही हैं, ने पार्टी में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं भी निभाई हैं। वे पार्टी से दो बार लोकसभा के लिये सांसद चुने गए। राज्यपाल पद से उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिये पदोन्नत करके, एनडीए ने न केवल उनकी निष्ठा और अनुभव को पुरस्कार दिया है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में एक दक्षिण भारत के चेहरे को प्रतिष्ठा देकर अपने दूरगामी इरादों को भी जाहिर कर दिया है। जिसका एक सिरा भाजपा के दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने के रूप में पार्टी की एक व्यापक महत्वाकांक्षा से भी जुड़ता है। उस महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र में जहां उसे पारंपरिक रूप से चुनावी पैठ बनाने के लिए अब भी संघर्ष करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन को राजग के उपराष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार बनाने के निर्णय ने सबको चौंकाया था। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय उनकी राजनीतिक स्मृति की विरासत को भी दशार्ता है। पार्टी के उन नेताओं का सम्मान करना, जिनकी पार्टी के कठिन वर्षों के दौरान की दृढ़ता ने आज की मजबूत भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनका चुना जाना विपक्ष के राजग का सशक्त विकल्प बनाने के संघर्ष को भी उजागर करता है। उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार का अंतर न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत को दशार्ता है बल्कि वहीं दूसरी ओर विपक्ष की फूट और क्रॉस-वोटिंग को भी दशार्ता है। बहरहाल, सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। वे सांविधानिक पद सोपान में दूसरे सबसे ऊंचे पद पर तो आसीन होते ही हैं, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी जिम्मेदारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद-विवादों का भी शालीनतापूर्वक निपटारा करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। उनके लिये चुनौती होगी कि वे अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद, सदन की कार्यवाही के संचालन में निष्पक्षता और न्यायसंगतता का प्रदर्शन करें। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे समय में जब संसदीय कार्यप्रणाली सार्वजनिक विमर्श के दायरे में है, अगर राधाकृष्णन दलगत दबावों से ऊपर उठ सकते हैं, विधायी बहस को मजबूत कर सकते हैं और राज्यसभा की गरिमा का संवर्धन करते हैं, तो उनकी विरासत दलीय निष्ठा से कहीं आगे प्रतिष्ठा हासिल करेगी। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभालेंगे जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। यही असहमति सर्वसम्मत चुनाव पर एक राय नहीं बना पायी है। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। निस्संदेह, उनकी भूमिका गरिमामय संसदीय परंपराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने में भी होगी। जिसके लिये उन्हें राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से मुक्त नजर भी आना होगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर खरे उतरेंगे।

दुःखी युवा पीढ़ी

दशकों मान्यता रही है कि समाज का मिडल ऐज ग्रुप दुःखी व तनाव में और युवा व बुजुर्ग प्रसन्न रहते हैं। लेकिन हालिया प्रकाशित एक अध्ययन ने बताया कि दुःख की शुरूआत अब युवा अवस्था में हो रही है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका समेत मध्यपूर्व के 44 देशों में यह ट्रेंड देखा गया है। जिसमें भविष्य की अनिश्चितता व कार्य परिस्थितियों का दबाव तो है मगर बड़ा कारक सोशल मीडिया बताया जा रहा है। दरअसल, लगातार सोशल मीडिया से जुड़े रहने और यथार्थ से दूर रहने के कारण युवा जीवन की वास्तविक स्थितियों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। आभासी मीडिया उन्हें बड़े-बड़े सपने तो दिखाता है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाई से अवगत नहीं कराता है। यही वजह है कि जहां पहले मिड ऐज ग्रुप यानी 40 से 50 आयु वर्ग दुखी माना जाता था, उसके स्थान पर दुःख की शुरूआत अब युवा उम्र से ही होने लगी है। हालिया, ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट के आंकड़ों में, अफ्रीका, यूरोप, लैटिन अमेरिका, एशिया, अमेरिका व मिडल ईस्ट के 44 देशों का अध्ययन बताता है कि बुजुर्गों की तुलना में युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य ज्यादा खराब है। वेब आधारित इस सर्वे में पर्याप्त डेटा जुटाया गया था। जो बताता है कि यह ट्रेंड केवल विकसित देशों में ही नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर है। आंकड़े बताते हैं कि हर नई पीढ़ी अब पहली के मुकाबले ज्यादा तनाव में है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका व ब्रिटेन में किए गए एक अन्य सर्वे में कम पढ़े-लिखे युवा कर्मियों में अवसाद ज्यादा पाया गया है। पहले मान्यता रही है कि नौकरीपेशा लोगों में नौकरी मिलने के बाद तनाव कम होता है,लेकिन आज हकीकत ठीक इसके विपरीत है। ब्रिटेन के एक सर्वे में कहा गया है कि साल 2016 के बाद चालीस से कम उम्र के युवाओं में चिंता व अवसाद पहले के मुकाबले ज्यादा हो गया है। वैसे यह भी हकीकत है कि जिन देशों में रोजगार की स्थिति बेहतर है,वहां मानसिक सेहत में सुधार हुआ है। दरअसल, तमाम अध्ययन बता रहे हैं कि सोशल मीडिया में लगातार सक्रियता युवाओं को वास्तविक सामाजिक जीवन से दूर कर रही है। वे कृत्रिम जीवन में जी रहे हैं। जब हम समाज व मित्रों के बीच सक्रिय रहते हैं तो बातचीत से तनाव मुक्त रह सकते हैं। देर रात तक सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने से युवाओं का नींद का चक्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। आभासी मित्रता के बजाय आमने-सामने की बातचीत सेहत के लिये ज्यादा लाभकारी होती है। यह जीवन की हकीकत है कि हमारे जीवन में योगदान देने वालों के प्रति यदि हम कृतज्ञता का भाव रखते हैं तो हमारा जीवन- व्यवहार सहज हो जाता है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हम जिन चीजों के प्रति कृतज्ञ हैं, उनके बारे में लिखने से हमारा नजरिया बदलता है। हमारा मानसिक स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हमारी दिनचर्या कितनी अनुशासित व संतुलित है। रात को जल्दी सो जाने और सूर्योदय के साथ उठने से हम दिनभर प्रफुल्लित रह सकते हैं। विडंबना यह भी कि सोशल मीडिया पर आधुनिक जीवन की जो चमक-दमक दिखायी जाती है,युवा उसको पाने की आकांक्षा करने लगते हैं। लेकिन जीवन का यथार्थ कठोर है। निस्संदेह, वैज्ञानिक उन्नति व तकनीकी विकास से पूरी दुनिया में रोजगार के अवसरों का संकुचन हुआ है। श्रम आधारित उद्योगों के बजाय कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले उद्योगों के बढ़ने से यह स्थिति पैदा हुई है। साथ ही नौकरियों में अस्थिरता व असुरक्षा के चलते भविष्य को लेकर जो अनिश्चितता पैदा होती है, उससे युवाओं में तनाव की वृद्धि होती है। भौतिकवादी नजरिये के चलते आज के युवा जिस जीवनशैली की आकांक्षा रखते हैं, वह पूरी न होने पर भी वे डिप्रेशन के शिकार बन जाते हैं। युवाओं को जीवन के कठोर यथार्थ से जूझने का संबल देना वक्त की जरूरत है। असीमित आकांक्षाओं व जीवन के यथार्थ में साम्य स्थापित करना तमाम समस्याओं का समाधान देता है। सोशल मीडिया से सुरक्षित दूरी इसमें मददगार साबित हो सकती है।

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को क्यों नहीं पूरा होने देना चाहती कांग्रेस ?

केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को भारत की सुरक्षा के एक मजबूत किले के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। स्वभाविक है कि इस दिशा में ग्रेट निकोबार परियोजना एक गेमचेंजर साबित हो सकती है। इसके अंतर्गत गैलेथिया खाड़ी में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, 300,000 से 400,000 लोगों के लिए एक नियोजित टाउनशिप, 450 एमवीए क्षमता वाला गैस और सौर आधारित पॉवर प्लांट और सड़कों-जलगृहों का नेटवर्क तैयार किया जाना है।

-डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारतीय लोकतंत्र का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि यहाँ राष्ट्रीय महत्व की किसी भी योजना पर राजनीतिक बहस इतनी तेज हो जाती है कि असली तथ्य पीछे छूट जाते हैं और जनता के सामने आधे-अधूरे सच पहुंचते हैं। ग्रेट निकोबार की समग्र विकास परियोजना इसका ताजा उदाहरण है। यह परियोजना केवल एक बंदरगाह या हवाई अड्डा नहीं है, इससे बहुत आगे भारत की समुद्री सुरक्षा, वैश्विक व्यापार में भागीदारी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। किंतु इसे लेकर कांग्रेस बार-बार शंका और भय का वातावरण बनाकर जनता को यह जताने की कोशिश कर रही है कि मानो सरकार देश और समाज को किसी बड़े संकट की ओर धकेल रही है। केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को भारत की सुरक्षा के एक मजबूत किले के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। स?वभाविक है कि इस दिशा में ग्रेट निकोबार परियोजना एक ह्यगेमचेंजरह्ण साबित हो सकती है। इसके अंतर्गत गैलेथिया खाड़ी में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, 300,000 से 400,000 लोगों के लिए एक नियोजित टाउनशिप, 450 एमवीए क्षमता वाला गैस और सौर आधारित पॉवर प्लांट और सड़कों-जलगृहों का नेटवर्क तैयार किया जाना है। नीति आयोग के नेतृत्व में और एएनआईआईडीसीओ के माध्यम से चल रही इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 81,000 करोड़ रुपये है। आज रणनीतिक दृष्टि से ग्रेट निकोबार का महत्व किसी से छिपा नहीं है। यह मलक्का जलडमरूमध्य के पश्चिमी छोर और सिक्स डिग्री चैनल के पास स्थित है। दुनिया के 30 से 40 प्रतिशत समुद्री व्यापार जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं और चीन की ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा भी यहीं से आता है। यदि भारत इस क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति दर्ज करता है तो हिंद महासागर में बीजिंग की विस्तारवादी ह्यस्ट्रिंग ऑफ पर्ल्सह्ण रणनीति को सीधी चुनौती मिलेगी। एक ओर चीन ग्वादर, हंबनटोटा और क्याउकप्यू जैसे बंदरगाहों में निवेश करके हिंद महासागर में घेराबंदी कर रहा है, तो दूसरी ओर भारत का यह कदम स्वाभाविक रक्षा प्रतिक्रिया है। जोकि पूरे हिंद-प्रशांत की समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नौसैनिक दृष्टि से भी यह योजना दूरगामी है। प्रस्तावित हवाई अड्डा नागरिक और सैन्य, दोनों उपयोग के लिए होगा। यह भारत की एकमात्र त्रि-सेवा कमान– अंडमान और निकोबार कमान को तत्काल तैनाती और निगरानी की नई क्षमता देगा। नौसेना के युद्धपोत, एयर फोर्स के विमान और थलसेना की लॉजिस्टिक सप्लाई इस द्वीप से तेजी से संचालित की जा सकेंगी। यह केवल रक्षा और व्यापार नहीं, बल्कि मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन का भी केंद्र बनेगा। वस्तुतः आर्थिक दृष्टि से यह परियोजना भारत के लिए वरदान है। आज भारत के कंटेनर जहाजों को सिंगापुर या कोलंबो होकर गुजरना पड़ता है। इस पर हर साल लगभग 1800 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। ग्रेट निकोबार पर बनने वाला ट्रांसशिपमेंट पोर्ट यह निर्भरता खत्म कर देगा। इसकी क्षमता पहले चरण में 4 मिलियन टीईयू होगी और 2050 तक यह 16 मिलियन टीईयू तक पहुँच सकती है। यह भारत को वैश्विक समुद्री व्यापार का प्रमुख केंद्र बनाएगा, विदेशी मुद्रा की बचत करेगा और हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करेगा। इसके साथ ही इस परियोजना से लगभग ढाई लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, शिक्षा और स्वास्थ्य के नए अवसर खुलेंगे। लेकिन कांग्रेस इस योजना को ह्लदुस्साहसह्व बताकर आदिवासी अधिकारों और पर्यावरणीय खतरे का मुद्दा उठा रही है।

सोनिया गांधी ने हाल ही में एक लेख में चेतावनी दी कि यह परियोजना शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों के अस्तित्व के लिए संकट है और इससे लाखों पेड़ काटे जाएंगे। जयराम रमेश ने पेड़ों की संख्या 8.5 लाख से बढ़ाकर 32 से 58 लाख तक बताई और इसे पर्यावरणीय विनाश कहा। राहुल गांधी ने जनजातीय मामलों के मंत्री को पत्र लिखकर वन अधिकार अधिनियम के उल्लंघन की बात उठाई। इन आरोपों में सच्चाई कितनी है, यह अलग बहस हो सकती है। पर इससे जुड़ा महत?वपूर्ण तथ्य यह है कि शोम्पेन और निकोबारी जनजातियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का विशेष पैकेज रखा गया है। किसी भी जनजातीय परिवार को जबरन विस्थापित नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका सुधारने के लिए योजनाएँ हैं। द्वीप के 82 प्रतिशत क्षेत्र को अब भी संरक्षित रखा जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण और पुनर्वनीकरण के लिए 30 वर्षों में 9,162 करोड़ रुपये का प्रावधान है। समुद्री जीवों, प्रवाल भित्तियों और लेदरबैक कछुए तक के संरक्षण हेतु वैज्ञानिक उपाय तय किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यह परियोजना विकास और पर्यावरण संरक्षण, दोनों के संतुलन के साथ आगे बढ़ेगी। क?या कांग्रेस इस बात से डर रही है कि ग्रेट निकोबार आईलैंड प्रोजेक्ट की शुरूआत नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2021 में की है। इस मेगा प्रोजेक्ट को अंडमान-निकोबार द्वीप समूहों के आखिरी छोर तक बनाया जाना है। इसमें मालवाहक जहाजों के लिए बंदरगाह, एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट, स्मार्ट सिटी और 450 मेगावॉट की गैस और सौर बिजली परियोजना स्थापित किया जाना शामिल है और यदि से सफल होता है तो इसका श्रेय मोदी सरकार एवं भाजपा को सदियों तक मिलता रहेगा ? यहाँ सवाल उठता है कि यदि 2012 में कांग्रेस सरकार के समय आईएनएस बाज को कैंपबेल बे में स्थापित करना सही था, तो आज उसी क्षेत्र में विस्तृत विकास करना क्यों गलत है? जब तत्कालीन यूपीए सरकार ने समुद्री रणनीति को ध्यान में रखकर इस क्षेत्र को महत्व दिया था, तो अब उसे ह्लआदिवासी अस्तित्व पर हमलाह्व बताना क्या दोहरा रवैया नहीं है? आज आईएनएस बाज भारतीय नौसेना का एक ऐसा नौसैनिक हवाई स्टेशन है, जो ग्रेट निकोबार द्वीप पर कैंपबेल बे से भारत के दक्षिणी क्षेत्र की निगरानी में महत?वपूर्ण भूमिका निभाता है और मलक्का जलडमरूमध्य और सिक्स डिग्री चैनल पर नजर रखने में मदद करता है। क?या कोई इस सामरिक महत्व को नकार सकता है?

परियोजना के विरोध में भूकंपीय जोखिम का तर्क भी दिया जा रहा है। 2004 की सुनामी के समय यह क्षेत्र प्रभावित हुआ था, लेकिन उसके बाद से ही यहाँ मजबूत भूकंपीय निगरानी और आपदा प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। यह तर्क देना कि आपदा की आशंका से विकास रोक दिया जाए, वैसा ही है जैसे भूकंप संभावित क्षेत्रों में कोई शहर या उद्योग न बसाया जाए। इस दृष्टि से देखें तो भारत के उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्रों में उत्तर-पूर्वी राज्य, हिमालयी क्षेत्र (जैसे कश्मीर और उत्तर बिहार), गुजरात का कच्छ क्षेत्र और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं, जहाँ शक्तिशाली भूकंप आ सकते हैं। इन क्षेत्रों में दिल्ली, श्रीनगर और गुवाहाटी जैसे कई बड़े शहर भी स्थित हैं जो भूकंप के प्रति संवेदनशील माने जाते हैं। तब तो फिर इस सभी शहरों एवं राज्यों को खाली कर देना होगा। कांग्रेस यहां यह भूलती हुई नजर आ रही है कि आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक का उद्देश्य ही यही है कि जोखिम के बावजूद सुरक्षित निर्माण हो सके।

श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आशार्वाद प्राप्त होता है। श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं।

रमेश सर्राफ धमोरा

श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य जिससे पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध की उत्पत्ति पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता से हुई है जिसकी शुरूआत वैदिक काल से मानी जाती है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले महर्षि निमि ने अत्रि मुनि के उपदेश से श्राद्ध किया और यह परंपरा धीरे-धीरे प्रचलित हुई। पितृ दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और पूजन करना आवश्यक है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आशार्वाद प्राप्त होता है। श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोड़कर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हें यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा (सच्चा विश्वास और प्रेम) से किया जाने वाला कर्मकांड जो मृत पूर्वजों (पितरों) की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए किया जाता है। यह उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और स्मरण भाव को व्यक्त करने का एक तरीका है, और इसके माध्यम से उन्हें संतुष्ट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है। पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों। देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है।गयाजी में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है। जो व्यक्ति गयाजी में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गयाजी में पिंडदान करने से सात पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। गयाजी में पूरे साल पिंडदान किया

विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने से दूर होती हैं बाधाएं

वैदिक पंचांग के मुताबिक आश्विन माह की शुरूआत 08 सितंबर से हुई है। हिंदू धर्म में इस महीने को बेहद अहम माना जाता है। आश्विन महीने में कई पर्व और व्रत किए जाते हैं। जिनमें विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी का पर्व भी शामिल है। इस बार 10 सितंबर 2025 को विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन भगवान गणेश को विशेष चीजों का भोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक विधिपूर्वक चतुर्थी व्रत करने से जातक की सभी बाधाएं दूर होती हैं और जातक को शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

तिथि और मुहूर्त

वैदिक पंचांग के मुताबिक इस बार चतुर्थी

तिथि की शुरूआत 10 सितंबर की दोपहर 03:37 मिनट से हो रही है। वहीं अगले दिन यानी की 11 सितंबर की दोपहर 12:45 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 10 सितंबर 2025 को विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है।

पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करने के बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। फिर घर के पूजा घर को गंगाजल से शुद्ध करें और एक वेदी पर लाल कपड़ा बिछाएं। अब इस वेदी पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें। इसके बाद हाथ में जल और चावल लेकर व्रत का संकल्प लें। फिर गणपति बप्पा का विधि-विधान से अभिषेक करें और उनके समक्ष घी का दीपक जलाएं। इसके बाद बप्पा को लाल फूल, रोली, दूर्वा और चंदन लगाएं। अब लड्डू और मिठाइयों का भोग लगाएं।

भगवान गणेश के मंत्रों का जाप करें, संकष्टी चतुर्थी की व्रत कथा पढ़ें या सुनें। पूजा के अंत भगवान भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा अर्चना करें। फिर रात में चंद्र देव के दर्शन करें और उनको अर्घ्य जरूर

टिप्स

माइग्रेन से जीना हुआ मुश्किल

माइग्रेन एक प्रकार का सिरदर्द है जो अक्सर एक तरफा होता है और इसके साथ कई अन्य लक्षण भी हो सकते हैं। यह दर्द आमतौर पर मध्यम से गंभीर होता है और कई घंटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। इस भयंकर दर्द को मिटाने के लिए लोग दवाईयां खाते हैं, जो हेल्थ पर भी असर डलती है। कुछ लोगों में माइग्रेन के दौरान मतली और उल्टी होने लगती है। इसके अलावा माइग्रेन के दौरान अन्य लक्षण जैसे कि चक्कर आना, थकान, और भूख न लगना भी हो सकते हैं। इन सबसे बचने के लिए कुछ राहत देने वाले घरेलू उपाय आपको बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अजमा सकते हैं। आइए आपको इन घरेलू उपाय के बारे में बताते हैं।

गुनगुना देसी घी : आप अपनी नाक में गुनगुना देसी घी की 2 बूंदें डाल सकते हैं। यह नुस्खा माइग्रेन के दर्द को कम करने काफी मदद करता है। आयुर्वेद में भी इस उपाय के बारे में बताया गया है। यह काफी फायदेमंद उपचार साबित हो सकता है।

गर्म पानी और आइस पैक : माइग्रेन के दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप अपने पैरों को गर्म पानी में डुबोएं और गर्दन पर आइस पैक रख सकते हैं। यह उपचार सिर में ब्लड फ्लो को हटा देता है जिससे दर्द कम हो जाता है। इसको करने के बाद आपको 15 मिनट में दर्द से राहत मिल जाएगी।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया लोकतांत्रिक तथा पारदर्शी होगा : प्रभु

संवाददाता

साहिबगंज : जिला में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन प्रक्रिया संगठन सृजन अभियान वर्ष 2025 के तहत साहिबगंज नगर कमेटी की एक बैठक सतीश पासवान की अध्यक्षता में साहिबगंज सर्किट हाउस में आयोजित की गई।बैठक में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया,साहेबगंज जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया अध्यक्ष दादरा नगर हवेली,ने नगर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिशा-निर्देशन में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष चयन करने की अग्रेतर प्रकिया पूर्ण रूप से लोकतांत्रिक एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।आगे उन्होने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ पूरा करने की जिम्मेदारी हमें दी गई है।जिला

अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए लिए प्रत्याशी के लिए पात्रता तय कि गई है जिसमे प्रत्याशी का कांग्रेस के विचारधारा पर मजबूती से डटे रहने वाला,वफादारी से पार्टी का काम करने वाला,उसके द्वारा संगठन में पूर्व में मिली जिम्मेदारियों को लेकर रिपोर्ट,साफसुथरी एवं बेदाग छवि, एवं शून्य अपराधिक पृष्ठभूमि का होना अनिवार्य है।हम ये भी देखेंगे कि उनके परिवार का कोई सदस्य किसी अन्य पार्टी के जुड़ा न हो।प्रभु टोकिया ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने की तैयारी कर रही है।चर्चा का केंद्र बिंदु संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना,कांग्रेस के लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाना,जनसहभागिता सुनिश्चित करना तथा स्थानीय नेतृत्व को और भी सशक्त बनाना है।कार्यक्रम में समर्पित साथियों और कार्यकताओं की उत्साही उपस्थिति रही,जिसने संगठन के प्रति अपने समर्पण और आस्था का परिचय दिया।बैठक के उपरान्त एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रभु टोकिया एवं जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर ने साहिबगंज नगर कांग्रेस कमेटी,कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण से वन टू वन मुलाकात कर सभी से जिला अध्यक्ष चयन हेतु रायशुमारी ली।

न्यूज IN ब्रीफ

मुख्य रूप से संगठन विस्तार व संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

साहिबगंज/बरहरवा : नगर पंचायत क्षेत्र के कुशवाहा टोला स्थित आर बी पैलेस में बुधवार को झामुमो नगर एवं प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो व प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर ने सयुंक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,जिला सचिव सुरेश टुडू व सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेमब्रम उपस्थित थे।सभी उपस्थित अतिथियो का नगर व प्रखंड कमिटी ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार व संगठन कों मजबूती प्रदान करने कों लेकर चर्चा किया गया.जिला अध्यक्ष अरुण सिँह ने सभी कार्यकताओं कों निर्देश दिया की सभी अपने अपने क्षेत्र में संगठन कों मजबूत बनाने के लिये अधिक से अधिक लोगो कों पार्टी में जोड़ने का काम करें. साथ ही उन्होंने प्रत्येक पंचायत कमिटी का बिस्तार करने व प्रत्येक बूथ में दो दो की संख्या में बूथ लेवल एजेंट बनाने कों लेकर दिशा निर्देश दिया.इस दौरान झामुमो नेताओं ने झारखंड आंदोलन के अगुवा नेता स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की.बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर,नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो,नगर सचिव मोहम्मद इकबाल हुसैन,शक्तिनाथ अमन,प्रखंड सचिव प्रदीप टोप्पो,दिनेश सेन,छोटू शाह,प्रदीप शाह,नीलकंठ शाह,नूरुल शेख विकास रजक,जहीरुल शेख कृष्णा शिवकुमारकुशवाहा,उत्तम,वरुण,प्रशांत,बेदा, सहित अन्य उपस्थित थे।

फरार वारंटी अमित कुमार साह गिरफ्तार, भेजा गया जेल

साहिबगंज/उधवा : राधानगर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए फरार वारंटी अमित कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के पतौड़ा पंचायत में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध व्यवहार न्यायालय से निर्गत सीसी नंबर 425/23 के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। सूचना मिली थी कि वह अपने घर में छिपा हुआ है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने दबिश दी और उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

भय मुक्त माहौल में व्यवसायई वर्ग जिला का कर रहे हैं सर्वांगीन विकास : एसपी

साहिबगंज : ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सौजन्य से बिते दिन बुधवार की संध्या विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला के एसपी अमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस प्रशासन व्यापारी एवं आम जनता के बीच समन्वय स्थापित करते हुए, कई विषयों पर मुख्य रूप से चचाएं की गई। जिला एसपी अमित कुमार सिंह ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य एवं व्यापारी वर्ग के लोगों को पूरी सुरक्षा के साथ भय मुक्त माहौल में जिला में व्यवसाय करने की बातें कहीं। पुलिस प्रशासन और व्यवसाईयों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने से जिला का सर्वांगी विकास अवश्य होगा। *मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सहित सदस्य के साथ-साथ मुख्यालय डीएसपी बरहरवा एवं राजमहल सहित साहिबगंज एसडीपीओ पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी मौजूद रहे।

पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

साहिबगंज : मुफ्फसिल थाना पुलिस ने कांड संख्या 98/24 के आरोपी शोभानपुर डेरा निवासी सुभाष यादव एवं नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना निवासी सियाराम यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पर गैर कानूनी जमावड़ा बनाने सहित कई संगीन आरोप था।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य व पोषण पर दी गई विशेष जानकारी

संवाददाता

साहिबगंज/उधवा : प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से आई सेविकाओं ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कुपोषण उन्मूलन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार का महत्व, किशोरी बालिकाओं के लिए सरकारी योजनाएं तथा केंद्र संचालन में पारदर्शिता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षक दिलीप कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं ही सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की सबसे मजबूत कड़ी हैं, इसलिए इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वहीं, समापन अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका सुशीला हेंब्रम ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से सेविकाओं का ज्ञान और अनुभव बढ़ता है, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को बेहतर सुविधा और पोषण मिल पाता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अर्जित ज्ञान का उपयोग करें और समाज में स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूकता फैलाएं। शिविर के अंत में प्रशिक्षक ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर एलानूर बीबी, नूर बहार बीबी, अनारस बीबी, मुस्लिमा बेगम, शहनारा बीबी, सुफेरा बीबी, सोखीना बीबी सहित दर्जनों सेविकाएं मौजूद रहीं।

झामुमो की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर, जिला अध्यक्ष ने दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता

साहिबगंज/उधवा : प्रखंड क्षेत्र स्थित आलम पेट्रोल पंप के समीप में बुधवार को झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बाबू दा और केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान ने संयुक्त रूप से की।इस दौरान नेहरुल इस्लाम ने सभी अतिथियों और कार्यकताओं का परिचय कराया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे।उनके साथ सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेमब्रम, विधायक प्रतिनिधि सह जिला युवा मोर्चा सचिव मारूफ उर्फ गुड्डू, महिला जिलाध्यक्ष बसंती हांसदा, अल्पसंख्यक जिला सचिव इब्राहिम शेख, जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव, केंद्रीय समिति सदस्य बबलू मिश्रा,

जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, जिला संगठन सचिव काजू मालिक और जिला मीडिया सदस्य हाफिजूर रहमान समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।प्रखंड कमेटी की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, मजबूती और बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति पर विशेष चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़े। प्रत्येक पंचायत स्तर पर कमेटी का विस्तार किया जाए। हर बूथ पर कम से कम दो बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल, प्रखंड कोषाध्यक्ष अब्दुल हक, वरिष्ठ कार्यकर्ता अली हसन कमीशन, सकल हेंब्रम, आब्दीन शेख, कीनू सोरेन, ताजदार आलम, जैनुल आवेदन शेख, जहांगीर शेख सहित कई पंचायत अध्यक्ष, सचिव और सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सिविल सर्जन ने किया पौधे का वितरण

संवाददाता

साहिबगंज : गंगा मिशन कोलकाता द्वारा आयोजित गंगा हरित अभियान के तहत मंगलवार को भरतीया कॉलोनी रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोहरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में राजकीय मध्य विद्यालय तलाब व प्राथमिक विद्यालय तालबन्ना साहिबगंज की छात्र-छात्राओं के बीच फलदार पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा रामदेव पासवान साहिबगंज ने आम, कटहल, अमरुद,बेल, लीची, आंवला, का पौधा स्कूली छात्र-छात्राओं को देकर कार्यक्रम की शुरूआत की।सिविल सर्जन डा रामदेव पासवान ने अपने संबोधन में विद्यालय के बच्चों को बताया कि प्राकृतिक आपदा जो आ रही है वो विकास के नाम पर प्राकृतिक से छेड़छाड़ करने पर हो रहा है।वृक्ष ही प्राकृतिक है,प्राकृतिक ही जीवन है। प्रत्येक

वर्ष वृक्ष का जन्मदिन अवश्य मनाए।एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है, कोरोना काल में हमलोगों ने ऑक्सीजन के महत्व को समझा।पेड़ पौधा लगाकर पर्यावरण वातावरण को हरा भरा रखे। वृक्ष नहीं होगा तो बारिश नहीं होगा, भोजन नहीं मिलेगा।पानी की आवश्यकता वायु की आवश्यकता, खाने की आवश्यकता पेड़ पौधा से ही होता है। प्रतिदिन वृक्ष का सेवा करके उसको बड़ा करे,पहला फल का सेवन करे।पौधा से हरियाली के साथ साथ पक्षियों को रहने के लिए अपना घर मिलता है।वही पौधा वितरण कार्यक्रम में लगभग 200 स्कूली छात्र छात्राओं व आम जनो के बीच आम नारियल शरीफा,आंवला, कटहल, लीची, अमरूद, तूत, खिन्नी, बेल, मालबेरी सहित अन्य फलदार पौधा का वितरण किया गया है।वही स्कूली छात्राएं शिक्षिका की अगुवाई में हाथों में पौधा लेकर शहर भ्रमण करते हुए लोगों को पेड़ लगाने के प्रति जागरूक किया ओर एक पेड़ मां के नाम,पौधा लगाए जीवन बचाए,प्राकृतिक को हरा भरा रखे जैसे जागरूकता नारा लगाया।मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा,बच्चन पाठक,सानू कुमार,अशोक सराफ मनीष दिवान,राजेश गुप्ता,रतन अग्रवाल,आफताब आलम,मो सानू शिक्षक अशोक साह,जितेंद्र हरि,शिक्षिका सहित सैकड़ों छात्र व गणमान्य लोग मौजूद थे।

समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का लिया निर्णय

संवाददाता

साहिबगंज : झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव के निर्देश पर आगामी 16 सितंबर 2025 को श्रमिकों की हक अधिकार की रक्षा सहित अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर साहिबगंज समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है.मिथुन कुमार यादव ने बताया कि धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिले के प्रखंडो को को 3 जॉन में बांटकर प्रभारी नियुक्त

किया गया है.जिसमे ब्रह्मदेव यादव को साहिबगंज सदर,मंडरो,बोरियो,मोहम्मद इमाम विश्वास को बरहेट, पतना, बरहरवा एवं मिथुन कुमार यादव को राजमहल, तालझारी और उधवा का प्रभारी बनाया गया है.

आरसेटी का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारों को प्रशिक्षण देना

साहिबगंज : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियाँ को प्रशिक्षण देकर रोजगार देने का काम कर रही है।जिसकी जानकारी आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक ने दी उन्होंने बताया कि आरसेटी का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का है।यहां पर कई तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है.निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक ने बताया की आगामी सितंबर माह में आरसेटी मे बम्बू एंड केन क्राफ्ट मंडल कारा साहिबगंज मे सीसीटीवी इंस्टालेशन,फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी,ग्रॉसरी किराना दुकान,मशरूम कल्टीवेशन का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा.जो बिल्कुल निशुल्क है.

रेल हादसे में दोनों पैर गंवाने वाले विकास को मिली नई जिंदगी

संवाददाता

साहिबगंज : जिले के रसूलपुर दहला निवासी जमुना दास का जीवन पिछले दो वर्षों से अपने बेटे की पीड़ा के साथ गुजर रहा था 03 अप्रैल 2023 का दिन उनके लिए किसी भयावह सपने से कम नहीं था,जब उनके पुत्र विकास कुमार दास मालदा रेल मंडल अंतर्गत बरहरवा रेलवे स्टेशन पर रेल ट्रैक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।इस हादसे में विकास के दोनों पैर कट गए थे स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज तो मिला,लेकिन आगे की जिंदगी उसके लिए संघर्षमयी बन गई।पिता जमुना दास ने पिछले दो वर्षों में अपने पुत्र के कृत्रिम पैर और उपचार के लिए कई संस्थाओं और दफ्तरों के चक्कर लगाए, लेकिन हर जगह उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला थक-हार कर जब उम्मीदें लगभग टूट

चुकी थीं,तभी उन्हें सूचना मिली कि साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित परी सदन में कांग्रेस के बड़े नेता और अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम आए हुए हैं।वे तुरंत अपने पुत्र के साथ वहां पहुंचे और अपनी व्यथा उन्हें सुनाई जमुना दास की कहानी सुनते ही शमशेर आलम ने तत्काल रांची में अपने परिचितों को फोन कर मदद का भरोसा दिया.आलम ने स्पष्ट कहा कि ह्लइस बच्चे को हर हाल में मदद मिलनी चाहिए भरोसे के मुताबिक दो दिन बाद जमुना दास अपने बेटे को लेकर रांची पहुंचे,जहां विकास को निशुल्क दो कृत्रिम पैर,एक व्हीलचेयर और एक बैसाखी उपलब्ध कराई गई।साहिबगंज लौटकर जमुना दास सीधा परिसदन पहुंचे और शमशेर आलम को हृदय से धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि जब सभी दरवाजे बंद हो गए थे,तब अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष ने उनके बेटे की जिंदगी को नई राह दी शमशेर आलम ने कहा कि ह्लमीटिंग के दौरान जब जमुना दास ने अपनी पीड़ा बताई,तो मैंने तुरंत पहल की आज विकास को जो सहारा मिला है।वह केवल शुरूआत है,भविष्य में भी हरसंभव मदद की जाएगी.उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि रेलवे से अभी तक किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिलने की जानकारी पर आयोग की ओर से रेलवे से पत्राचार कर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी।विकास को नई जिंदगी देने वाली इस मदद से न सिर्फ जमुना दास का परिवार भावुक हुआ,बल्कि वहां मौजूद लोगों ने भी शमशेर आलम की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे ही सामाजिक कार्यकताओं की जरूरत है।जो गरीब और असहाय की मदद करे।



फिल्म 'डकैत' में इंस्पेक्टर स्वामी बने अनुराग कश्यप

भारतीय सिनेमा के चर्चित निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप जल्द ही एक नए अंदाज में बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। अब तक ज्यादातर पर्दे के पीछे की भूमिकाओं और चुनिंदा कैरेक्टर रोल्स में दिखे अनुराग इस बार अपने एक्शन और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से दर्शकों को चौंकाने वाले हैं। उनकी आने वाली फिल्म का नाम है 'डकैत: एक प्रेम कहानी', जिसमें वे एक सख्त और धाकड़ पुलिस अधिकारी स्वामी का किरदार निभा रहे हैं।

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की जोड़ी

फिल्म के मुख्य नायक अदिवी सेष हैं, जो साउथ और हिंदी दोनों ही भाषाओं के दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुके हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बनी है। दोनों के बीच रोमांस और कैमिस्ट्री फिल्म की कहानी को खास बनाएगी। अनुराग कश्यप ने हाल ही में अपना 53वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर फिल्म की टीम ने उन्हें बेहद अनोखा तोहफा दिया। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक स्पेशल वीडियो शेयर किया, जिसमें अनुराग के पुलिस ऑफिसर वाले लुक और एक्शन से भरपूर झलकियां देखने को मिलीं। इस वीडियो के साथ टीम ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। सामने आए वीडियो में अनुराग कश्यप का धाकड़ अवतार देखने को मिलता है। इसमें उनके पुलिसिया तेवर, डायलॉग डिलीवरी और जोरदार एक्शन सीक्वेंस शामिल हैं। खास बात यह है कि वीडियो में फिल्म के हीरो अदिवी सेष की भी झलक नजर आती है, जिससे दर्शकों में और उत्सुकता बढ़ गई है। 'डकैत: एक प्रेम कहानी' का निर्देशन शैनिल देव ने किया है। फिल्म को लेकर पहले दिन से ही चर्चा बनी हुई है क्योंकि यह एक्शन, रोमांस और ड्रामा का अनोखा संगम पेश करने वाली है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर, यानी 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'डकैत' में अतुल कुलकर्णी की एंट्री, फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

साउथ सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता अदिवी सेष इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डकैत: एक प्रेम कहानी' को लेकर सुर्खियों में हैं। रोमांस और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन शैनिल देव कर रहे हैं। फिल्म में अदिवी के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप भी एक दमदार भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। दिग्गज अभिनेता अतुल कुलकर्णी की इस प्रोजेक्ट में एंट्री हो गई है। संयोग से उनके 60वें जन्मदिन पर बुधवार को मेकर्स ने फिल्म से उनका पहला लुक पोस्टर रिलीज कर दिया। पोस्टर में अतुल कुलकर्णी का धांसू और अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'डकैत' में अतुल कुलकर्णी 'गुरु' की भूमिका निभा रहे हैं। पोस्टर में उनका लुक बेहद गहन और प्रभावशाली दिखाई देता है, जो फिल्म की कहानी में उनके किरदार की गंभीरता और अहमियत को और बढ़ा देता है। उनकी एंट्री से यह साफ हो गया है कि फिल्म में अब और भी ज्यादा रोमांच और नयापन देखने को मिलेगा।

क्रिसमस पर रिलीज होगी फिल्म

'डकैत: एक प्रेम कहानी' इस साल क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को तेलुगु और हिंदी, दोनों भाषाओं में पेश किया जाएगा। ऐसे में दर्शकों को यह फिल्म पूरे देशभर में एक बड़े पैमाने पर देखने को मिलेगी।



पनवाड़ी' गाने से धूम मचाने लौटे सनी संस्कारी और तुलसी कुमारी

बॉलीवुड के युवा सितारे वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी इस समय दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। दोनों की आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में गिनी जा रही है। लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शकों को 2 अक्टूबर को बड़ा तोहफा मिलने वाला है, क्योंकि यह फिल्म गांधी जयंती के मौके पर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कुछ ही समय पहले फिल्म का पहला गाना 'बिजुरिया' लॉन्च किया गया था। इस गाने को युवाओं से लेकर सोशल मीडिया यूजर्स तक, हर किसी ने हाथों-हाथ लिया। इसके बोल और म्यूजिक ने दर्शकों के बीच अलग ही धूम मचाई। अब मेकर्स ने फिल्म का दूसरा गाना 'पनवाड़ी' जारी कर दिया है। रिलीज होते ही इस गाने ने यूट्यूब और सोशल मीडिया पर ट्रेंड करना शुरू कर दिया है। गाने में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की शानदार केमिस्ट्री देखने लायक है। दोनों के बीच जबरदस्त डांस सीक्वेंस और एनर्जी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। 'पनवाड़ी' गाने को कई लोकप्रिय गायकों की आवाज ने खास बना दिया है।

खेसारी लाल यादव, मासूम शर्मा, देव नेगी, प्रीतम और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इन गायकों के अलग-अलग अंदाज ने गाने को बेहद ऊर्जावान और मजेदार बना दिया है। इस फिल्म में केवल वरुण और जाह्नवी ही नहीं, बल्कि सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। दिलचस्प बात यह है कि ह्यपनवाड़ीह्न गाने में इस जोड़ी की भी झलक दिखाई गई है, जिसने गाने को और भी रंगीन और मनोरंजक बना दिया है। फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जो रोमांटिक-ड्रामा और म्यूजिकल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। वहीं, फिल्म के निमार्ता करण जौहर हैं, जिन्होंने हमेशा की तरह इस प्रोजेक्ट को भव्यता और बड़े पैमाने पर पेश करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है।

लावण्या त्रिपाठी ने दिया बेटे को जन्म, वरुण तेज के घर गूंजी किलकारी

साउथ सिनेमा की चर्चित जोड़ी वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी ने शादी के दो साल पूरे होने के बाद अपने जीवन में नई खुशी का स्वागत किया है। बुधवार को अभिनेत्री लावण्या ने अपनी पहली संतान को जन्म दिया। इस खुशी की खबर ने फैंस और फिल्म जगत में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया है। सोशल मीडिया पर प्रशंसक और सिनेमा जगत के सितारे दोनों को माता-पिता बनने की ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं। वरुण तेज ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे के साथ पहली फोटो शेयर की है। इस ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में लावण्या अपने बेटे को गोद में लिए हैं और वरुण उनके माथे को चूम रहे हैं। फोटो के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा- 'हमारा लिटिल मैन, 10.09.2025। यह खबर सामने आने के बाद उनके घर में खुशियों का माहौल है और उनके प्रशंसक भी इस खुशी में शामिल हो रहे हैं। वरुण और लावण्या ने एक नवंबर,

2023 को अपनी शादी की घोषणा की थी। इस दो साल के सफर में दोनों ने साथ-साथ निजी और पेशेवर जीवन की कई अहम उपलब्धियों को शेयर किया। शादी के बाद से ही दोनों अपने प्रशंसकों को प्यार और समर्थन देने के लिए सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते रहे हैं। अब माता-पिता बनने के बाद उनके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। फिल्मी गलियारों और प्रशंसकों के बीच इस खुशी की खबर की चर्चा तेजी से फैल रही है। उनकी फिल्मी और निजी जिंदगी के चाहने वाले इस जोड़ी को बधाई दे रहे हैं और नए सदस्य के स्वागत के लिए शुभकामनाएं भेज रहे हैं।

टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बागी 4' की कमाई में आई गिरावट

टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बागी 4' को रिलीज हुए पूरे 5 दिन हो चुके हैं। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म ने शुरूआती तीन दिनों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था, लेकिन वीकडेज आते ही इसकी कमाई पर असर पड़ने लगा। बॉक्स ऑफिस पर अब 'बागी 4' की रफ्तार धीमी पड़ती दिख रही है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के पांचवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं और इसमें गिरावट दर्ज की गई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'बागी 4' ने रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को लगभग 4 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने पहले दिन जहां 12 करोड़ रुपये से शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन इसका कलेक्शन घटकर 9.25 करोड़ रुपये रह गया। तीसरे दिन इसने 10 करोड़ रुपये कमाए, जबकि चौथे दिन कारोबार और गिरकर 4.5 करोड़ रुपये पर आ गया। इस तरह कुल मिलाकर 'बागी 4' ने 5 दिनों में लगभग 39.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। 'बागी 4' का निर्देशन ए हर्ष ने किया है, जबकि इसके निमार्ता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म में पहली बार टाइगर श्रॉफ की जोड़ी पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू के साथ बनी है, जिन्होंने इसी फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इसमें संजय दत्त दमदार खलनायक के रूप में नजर आ रहे हैं, वहीं सोनम बाजवा भी अहम भूमिका निभा रही हैं। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद यह फिल्म जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।

अक्षय और अरशद की 'जॉली एलएलबी 3' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड की सबसे चर्चित कोर्ट रूम ड्रामा फ्रेंचाइजी 'जॉली एलएलबी' एक बार फिर से दर्शकों के सामने हाजिर होने के लिए तैयार है। फैंस जिस लम्हे का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, वह आखिरकार आ ही गया। निमार्ताओं ने 'जॉली एलएलबी 3' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर फिल्म के प्रति उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। कोर्ट में भिड़ेंगे दो जॉलीट्रेलर में अरशद वारसी (जगदीश त्यागी उर्फ जॉली) और अक्षय कुमार (जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली) आमने-सामने होंगे, जहां कोर्ट रूम में उनकी जबरदस्त नोकझोंक देखने को मिलेगी। ट्रेलर में साफ दिख रहा है कि दोनों जॉली की खींचतान से जज सुंदरलाल त्रिपाठी (सौरभ शुक्ला) भी परेशान हो जाते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार कोर्ट में हंसी-मजाक और बहस दोनों की डोज दोगुनी होगी। वहीं बॉक्स ऑफिस पर अक्षय, अरशद और सौरभ की तिकड़ी जमकर धमाल मचाने के लिए तैयार है। 19 सितंबर को होगी रिलीजसुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी 3' इस साल 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बार फिल्म की स्टारकास्ट भी काफी दमदार है। अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा फिल्म में सौरभ शुक्ला, हुमा कुरैशी, अमृता राव और संजय मिश्रा जैसे बेहतरीन कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर छाया ट्रेलरट्रेलर लॉन्च के कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है। फैंस दोनों जॉली को आमने-सामने देखने के लिए उत्साहित हैं और कमेंट सेक्शन में लगातार फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर कर रहे हैं। फिल्म का कोर्टरूम सीन, तीखी बहसें और ह्यूमर दर्शकों को एक बार फिर वही मजा देने का वादा कर रहे हैं, जो उन्हें 'जॉली एलएलबी' सीरीज में हमेशा से मिलता आया है। अब तीसरे पार्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पहली बार दोनों ही जॉली एक साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं। यानी इस बार कोर्टरूम में ड्रामा के साथ-साथ दोनों जॉली के बीच जोरदार नोकझोंक और टक्कर भी देखने को मिलेगी।

ट्रेलर लॉन्च के दौरान स्टारकास्ट की बातेंट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार बोले, ₹जॉली मिश्रा बनकर वापस आना मेरे लिए बहुत खास रहा, लेकिन असली मजा तब है जब सामने बैठा हो दूसरा जॉली, जॉली त्यागी। हमारी नोकझोंक और टकराव ने हर सीन को अनप्रेडिक्टेबल बना दिया। अरशद वारसी ने कहा, ₹जॉली त्यागी से ही सफर शुरू हुआ था। सालों बाद इस किरदार से मिलना ऐसा है जैसे किसी पुराने दोस्त से टकरा जाओ, बस इस बार अदालत में भिड़ना भी पड़ेगा। कॉमेडी और तकरार से भरा ये मुकाबला दर्शकों को खूब मजा देगा। सौरभ शुक्ला ने अपने अंदाज में कहा, ₹जज त्रिपाठी मेरा सबसे प्यारा किरदार रहा है लेकिन इस बार अदालत में दो-दो जॉली हंगामा और ड्रामा सब कुछ अलग ही हो गया है। निर्देशक सुभाष कपूर बोले, ₹जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी की खासियत हमेशा रही है, हंसी और समाजिक मुद्दों का बैलेंस। इस बार दोनों जॉली को एक ही कहानी में लाना चुनौती थी और अब अदालत सचमुच आइडियोलॉजी और पर्सनैलिटी का युद्धक्षेत्र बन गया है।



कडल कोंडट्टम 2025: तूतीकोरिन में सजेगा भारत का सबसे बड़ा ओशन स्पोर्ट्स महोत्सव

एजेंसी

तूतीकोरिन (तमिलनाडु) : भारत का बहुप्रतीक्षित ओशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल झ ह्यकडल कोंडट्टम 2025ह्न झ इस साल 12 से 14 सितंबर तक तमिलनाडु के तटीय शहर तूतीकोरिन में आयोजित होगा। यह तीन दिवसीय उत्सव समुद्री खेलों के रोमांच, अंतरराष्ट्रीय एथलीटों की भागीदारी और तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का शानदार संगम होगा। फेस्टिवल की प्रमुख स्पधाओं में स्टैंड-अप पैडलिंग, काइटबोर्डिंग, काइटसर्फिंग, कयाकिंग और बीच ऑब्स्टेकल रेस शामिल होंगी। पूर्व राष्ट्रीय काइटबोर्डिंग चैंपियन अर्जुन मोथा के नेतृत्व में और तमिलनाडु पर्यटन व राज्य सरकार के सहयोग से एक्वा आउटबैक द्वारा आयोजित यह महोत्सव भारत में ओशन-बेस्ड स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक बनने जा रहा है। वेयर ओसिन एडवेंचर मीट्स तमिल हेरिटेजह्न टैगलाइन के साथ यह आयोजन न केवल खेलों का उत्सव होगा बल्कि तमिलनाडु को भारत का प्रमुख ओशन एडवेंचर डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी साबित होगा। इस आयोजन में भारत और

विदेशों से 150 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। वियतनाम, श्रीलंका, मालदीव समेत कई देशों के खिलाड़ी भारतीय एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहीं, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गोवा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी पदक की दौड़ में शामिल होंगे। हर खेल में जूनियर, सीनियर और ओपन डिवीजन की पुरुष और महिला श्रेणियां होंगी, जिससे उभरती प्रतिभाओं से लेकर अनुभवी पेशेवरों तक सभी को समान अवसर मिलेगा। एक्वा आउटबैक के संस्थापक अर्जुन मोथा ने कहा,ह्लकडल कोंडट्टम सिर्फ खेल नहीं है, बल्कि हमारे महासागरों, हमारी संस्कृति और हमारे समुदाय का उत्सव है। हम चाहते हैं कि पूरी दुनिया तमिलनाडु को भारत के ओशन एडवेंचर के केंद्र के रूप में देखे। यह आयोजन नई पीढ़ी के एथलीटों को प्रेरित करेगा, अंतरराष्ट्रीय सहभागिता को बढ़ाएगा और खेल, पर्यटन व सतत विकास के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा।ह्ल कडल कोंडट्टम 2025ह्न केवल प्रतिस्पर्धी खेलों तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें आगंतुकों के लिए तमिलनाडु की पाक-परंपरा का परिचय कराने वाला कोस्टल फूड फेस्टिवल, सनसेट योगा सत्र, कैलिस्थेनिक्स और फिटनेस वर्कशॉप्स, बीच क्लीन-अप ड्राइव्स और ओशन अवेयरनेस प्रोग्राम्स भी आयोजित किए जाएंगे।

कंधे की चोट के कारण भारत दौरे से बाहर हुए ऑलराउंडर एरॉन हार्डी

नई दिल्ली : ऑलराउंडर एरॉन हार्डी कंधे की चोट के कारण भारत दौरे से बाहर हो गए हैं। हार्डी की जगह विक्टोरिया के ऑलराउंडर विल सदरलैंड को टीम में शामिल किया गया है। सदरलैंड पहले से ही वनडे टीम का हिस्सा थे और अब वे दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए लखनऊ पहुंचेंगे। हार्डी की जगह वनडे टीम में किसी और खिलाड़ी का चयन बाद में किया जाएगा। हार्डी के शुरूआती शेफील्ड शील्ड मुकाबलों तक फिट होने की उम्मीद है। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच 4 अक्टूबर को वाका मैदान पर न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ होगा। हार्डी हाल ही में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज का हिस्सा रहे थे। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और उन्हें न्यूजीलैंड के छोटे दौरे (तीन टी20) के लिए नहीं चुना गया था, बल्कि ए टीम में शामिल किया गया था। उनके फिटनेस पर निर्भर करेगा कि वे भारत के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में वापसी कर पाएंगे या नहीं। हार्डी का बाहर होना ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी बढ़ाता है क्योंकि कई तेज गेंदबाज पहले ही चोटिल हैं। कप्तान पैट कमिंस की पीठ की चोट ने उनकी एशेज में उपलब्धता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हार्डी के टीममेट लांस मॉरिस पीठ की सर्जरी के चलते 12 महीने के लिए बाहर हो गए हैं, जबकि युवा तेज गेंदबाज कैलम विडलर को स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। मॉरिस चार दिवसीय मैचों में खेलते, जबकि विडलर वनडे स्क्वॉड का हिस्सा थे। मॉरिस की जगह आए ब्रॉडी काउच भी चोटिल हो गए और अब उनकी जगह साउथ ऑस्ट्रेलिया के हेनरी थॉर्नटन को बुलाया गया है। भारत ए के खिलाफ पहला चार दिवसीय मैच 16 सितंबर से और दूसरा 23 सितंबर से खेला जाएगा। इसके बाद कानपुर में 30 सितंबर, 3 और 5 अक्टूबर को तीन वनडे मुकाबले होंगे।

अपडेटेड ऑस्ट्रेलिया ए चार दिवसीय टीम

जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, जैक एडवर्ड्स, कैंपबेल केलावे, सैम कॉन्स्टास, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, फर्गस ओह्लनील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचिओली, लियाम स्कॉट, विल सदरलैंड (दूसरे मैच से), हेनरी थॉर्नटन।

कार्डिफ टी20: बारिश से बाधित मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रन से हराया

एजेंसी

कार्डिफ : बारिश से प्रभावित पहले टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) विधि से इंग्लैंड पर 14 रन की जीत दर्ज की। मुकाबला दो घंटे की देरी से शुरू हुआ और इसे नौ ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस, एडेन मार्करम और डोनोवन फरेरा की आतिशी बल्लेबाजी ने दक्षिण अफ्रीका को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पहले ही ओवर में ल्यूक वुड ने रयान रिकेलटन को गोल्डन डक पर चलता किया। वुड ने अपने दूसरे ओवर में ल्हुआन-ड्रे प्रिटोरियस को भी आउट कर मेजबानों को शानदार शुरूआत दिलाई। हालांकि, मार्करम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 28 रन बनाए और पारी को रफ्तार दी। उन्हें 24 पर जीवनदान मिला लेकिन जल्द ही आदिल राशिद ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। इसके बाद ब्रेविस ने लगातार तीन छक्के जड़े और फरेरा ने भी दो छक्कों के साथ रनगति तेज कर दी। 7.5 ओवर तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर



97/5 था, तभी बारिश ने खेल रोक दिया। लगभग 50 मिनट बाद खेल दोबारा शुरू हुआ और इंग्लैंड को 5 ओवर में 69 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। लेकिन इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही। कागिसो रबाडा ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को आउट कर दिया। कप्तान जोस बटलर ने कुछ आकर्षक शॉट्स लगाए और 25 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत की राह पर नहीं ले जा सके।

हैरी ब्रूक बिना खाता खोले लौटे, जबकि जैकब बेथेल भी जल्दी आउट हो गए। अंतिम ओवर में इंग्लैंड को 26 रन चाहिए थे, लेकिन कोर्बिन बॉश ने टॉम बैंटन को बोल्ड कर मेजबानों की उम्मीदें खत्म कर दीं। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

संक्षिप्त स्कोरकार्ड:

दक्षिण अफ्रीका: 97/5, 7.5 ओवर में (एडेन मार्कराम 28, डोनोवन फरेरा 25*; ल्यूक वुड 2/22, आदिल राशिद 1/24)

इंग्लैंड: 54/5, 5 ओवर में (जोस बटलर 25, सैम करन 10*; मार्को यानसन 2/18, कोर्बिन बॉश 2/20)

परिणाम: दक्षिण अफ्रीका ने 14 रन से जीत दर्ज की।

हिमाचल में भारी बारिश का अलर्ट, कुल्लू में नदी में फंसे दो लोगों का रेस्क्यू

एजेंसी

शिमला : हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है और मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए राज्य में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। इस बीच कुल्लू जिले के कराड़सु विहाल में नदी के बीच फंसे दो लोगों को पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। पुलिस थाना सदर कुल्लू के प्रभारी अजय और एनडीआरएफ टीम के अनुसार दोनों व्यक्तियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 12 से 14 सितंबर तक राज्य के अधिकांश जिलों में गरज के साथ भारी बारिश हो सकती है। कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी और सोलन जिलों में आज ऑरेंज अलर्ट जारी है, जबकि 12 से 14 सितंबर तक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में

येलो अलर्ट रहेगा। 15 और 16 सितंबर को हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है, लेकिन किसी प्रकार का अलर्ट नहीं है। पिछली रात से सुबह तक कई स्थानों पर अच्छी खासी बारिश दर्ज की गई। मंडी जिले की मुरारी देवी में 63 मिमी, हमीरपुर के भरेड़ी में 62 मिमी, बिलासपुर के सलापड़ में 54 मिमी और नैना देवी में 42 मिमी वर्षा हुई। लगातार बारिश से सड़क मार्ग, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में गुरुवार सुबह तक तीन नेशनल हाइवे और 574 सड़कें बंद रहीं। कुल्लू में एनएच-03 और एनएच-305 समेत 211 सड़कें अवरुद्ध हैं, मंडी में 154, शिमला में 72, कांगड़ा में 42, चंबा में 30 और ऊना में एनएच-503ए सहित 19 सड़कें बंद हैं।

बिजली और पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। प्रदेश में 812 बिजली ट्रांसफार्मर और 369 पेयजल योजनाएं ठप हैं। इनमें सबसे ज्यादा 369 ट्रांसफार्मर कुल्लू, 245 मंडी और 125 सोलन में बंद हैं। पेयजल योजनाओं में कांगड़ा में 176, शिमला में 102 और मंडी में 52 प्रभावित हैं।इस मानसून सीजन में अब तक प्रदेश को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। 380 लोगों की मौत हो चुकी है और 40 लोग लापता हैं, जबकि 439 लोग घायल हुए हैं। सबसे अधिक 61 मौतें मंडी जिले में दर्ज की गई हैं। मकानों और दुकानों को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है। अब तक 1,265 मकान पूरी तरह ढह चुके हैं, जबकि 5,469 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। 478 दुकानें और 5,612 गौशालाएं भी नष्ट हो चुकी हैं। 1,999 पशुओं और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत हो चुकी है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार प्रदेश को अब तक 4,306 करोड़ रुपये की सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस दौरान 137 भूस्खलन, 97 बाढ़ और 45 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। मानसून का यह प्रकोप लगातार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है।

छत्तीसगढ़ के 28 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी

रायपुर : छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आज गुरुवार को बलरामपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कोरिया और सूरजपुर जिलों को छोड़ अन्य सभी जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर सहित कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटा) चलने, मेघगर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसून द्रोणिका उत्तर-पूर्व अरब सागर से लेकर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है।दक्षिण ओडिशा और उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। वहीं, पश्चिमी हवाओं में भी द्रोणिका सक्रिय है, जिससे बारिश की गतिविधियां बढ़ी हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। दुर्ग जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गई। दुर्ग में 8 सेमी, कटेकल्याण 6 सेमी, कुआकोंडा 5 सेमी, मनेंद्रगढ़ 4 सेमी, पेंड्रा रोड 3 सेमी, कुकरेल 3 सेमी, जगदलपुर 3 सेमी, मैनपुर 3 सेमी, दरभा 3 सेमी, सुकमा 3 सेमी, धनोरा 2 सेमी, रायगढ़ 2 सेमी, चिरमिरी 2 सेमी, खड़गवा 2 सेमी, गादीरास 2 सेमी, बड़े बचेली 2 सेमी तथा बीजापुर में 2 सेमी बारिश दर्ज की गई है जानकारी के अनुसार 8 सितंबर तक प्रदेश में 87.3 फीसदी बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। सामान्य तौर पर प्रदेश में औसत 1143.3 मिमी बारिश होती है, जबकि अब तक 998.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। इस साल अगस्त के महीने को छोड़ मानसून अब तक सामान्य रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बलरामपुर जिला सर्वाधिक वर्षा वाला जिला रहा है जहाँ अब तक 1344.5 मिमी बारिश हो चुकी है यह सामान्य से 54 फीसदी अधिक है।

यमुनोत्री हाईवे पर फूलचट्टी से जानकीचट्टी तक दो सौ मीटर सड़क ध्वस्त

एजेंसी

उत्तरकाशी : उत्तराखंड के जिले में आपदा से भारी नुकसान हुआ है। बारिश के थमते ही प्रशासन ने दूसरे दौर की चारधाम यात्रा भी शुरू कर दी है। गंगोत्री धाम की यात्रा भी धराली तबाही के बाद शुरू कर दी है। यमुनोत्री धाम की यात्रा हाइवे पर तीन जगह भूस्खलन के चलते शुरू नहीं हो पाई है। यमुना नदी के कटाव से यमुनोत्री हाईवे फूलचट्टी से जानकीचट्टी जोड़ने वाली सड़क का करीब दो सौ मीटर का हिस्सा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। फूलचट्टी के पीछे जंगलचट्टी के पास 18 दिन बीत जाने के बाद भी आवागमन सुचारू नहीं हो पाया है। शासन व प्रशासन के लिए दूसरे दौर की यात्रा के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा शुरू करना अभी भी चुनौती बना हुआ है। फूलचट्टी से जानकीचट्टी जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क का करीब बड़ा हिस्सा पूर्ण रूप से ध्वस्त होने से सड़क का नामोनिशान मिट गया है । इस संबंध में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि बड़कोट से प्रतिदिन अपडेट ली जा रही है। 13 सितंबर तक यमुनोत्री हाईवे को पूरी तरह से बहाल कर लिया जाएगा। इसके बाद यमुनोत्री धाम की दूसरे दौर की यात्रा शुरू हो जायेगी।

रायपुर एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन अबतक बहाल नहीं, बीती शाम आकाशीय बिजली गिरने से सेवा बाधित

-रायपुर लैंड करने वाली पांच फ्लाइटों को डायवर्ट करना पड़ा

एजेंसी

रायपुर : छत्तीसगढ़ में बुधवार शाम स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आकाशीय बिजली गिरने से विमानों का संचालन बाधित है। एयरपोर्ट के नेवीगेशन उपकरण (डॉप्लर वीएचएफ ओमनीडायरेक्शनल रेंज) बिजली गिरने के कारण खराब हो गई है, इसके साथ ही कई उड़ाने भी डायवर्ट करनी पड़ी है। मौसम विज्ञानी डॉ. गायत्री वाणी से मिली जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों में कल बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई थी। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एटीसी के तकनीकी उपकरणों की मरम्मत का कार्य जारी है। इसकी वजह

से हैदराबाद से रायपुर आ रही फ्लाइट बीती रात 8.२० बजे भुवनेश्वर भेज दिया गया। साथ ही दिल्ली से रायपुर उड़ान को बीती रात 8.55 बजे भोपाल, मुंबई से रायपुर आ रही फ्लाइट को रात 9.30 बजे नागपुर और कोलकाता से रायपुर की फ्लाइट को बीती रात्रि 9.15 बजे भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि विजिबिलिटी क्लियर होने के बाद गुरुवार को ये सभी फ्लाइटें रायपुर पहुंचेंगी। विमानों की लैंडिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेवीगेशन उपकरण आकाशीय बिजली गिरने से खराब हो गए थे। इस कारण शाम 7.30 बजे से रायपुर लैंड करने वाली पांच फ्लाइटों को डायवर्ट करना पड़ा। दिल्ली से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट में कुल 170 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश रायपुर के निवासी थे। इस फ्लाइट में दुर्ग सांसद विजय बघेल और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनमणी बोरा भी मौजूद थे। फ्लाइट को भोपाल से दिल्ली भेजा गया है। वहीं, रायपुर एयरपोर्ट पर अचानक तकनीकी फेलियर की वजह से यात्रियों को रायपुर एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा था। कई यात्रियों को दूसरे शहरों में भी उतरना पड़ा। जिसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था से उन्हें गंतव्य तक भेजने की कवायद शुरू की गई। फिलहाल एटीसी के तकनीकी उपकरणों का मरम्मत का कार्य अभी जारी है।

झज्जर : हर समस्या के समाधान को धैर्य, साहस और सही मार्गदर्शन जरूरी : डॉ. आशा शर्मा

एजेंसी

झज्जर : वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में आने वाली समस्याओं से हताश नहीं होना चाहिए। धैर्य, साहस और सही मार्गदर्शन से समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। वह गुरुवार को आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर कॉलेज में आयोजित सेमिनार में भाभी अध्यापिकाओ और कॉलेज शिक्षिकाओं को संबोधित कर रही थी। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर वैश्य आर्य शिक्षण कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर

स्वयंसेविकाओं को 'चलो चलते हैं' शीर्षक पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। जिसके माध्यम से आत्महत्या की समस्या, उसके कारणों और उससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला गया।? यह दिवस प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। जीवन की प्रत्येक समस्या से जूझने के लिए संवाद, धैर्य और सहयोग सबसे आवश्यक हैं। हर कठिनाई अस्थायी होती है, लेकिन जीवन अमूल्य है। आत्महत्या जैसी कायरतापूर्ण प्रवृत्ति अपनाना अपने प्रियजनों को दुख देने और जीवन के अनमोल अवसरों को खो देने जैसा है। कार्यक्रम का समापन सभी स्वयं सेविकाओं द्वारा यह संकल्प लेने के साथ हुआ कि वे समाज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और आत्महत्या रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस व वाईआरसी इकाई द्वारा किया गया।

नई दिल्ली-पानीपत ईएमयू में अब तीन लेडीज कोच मध्य में, महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा पर जोर

नई दिल्ली : महिला यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे ने नई दिल्लीझपानीपत ईएमयू ट्रेन (संख्या 64469/64470) में अब तीनों लेडीज कोचों को एक साथ मध्य में लगाया है। पहले ये कोच अलग-अलग पोज़िशन पर (दूसरे, 11वें और मध्य में) लगाए जाते थे, जिससे महिलाओं को असुविधा होती थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने गुरुवार को बताया कि नई व्यवस्था के तहत 12 कोचों वाली इस ईएमयू ट्रेन में तीनों लेडीज कोच लगातार मध्य भाग में लगाए गए हैं। इससे महिला यात्रियों को चढ़ने-उतरने में आसानी होगी और यात्रा का अनुभव सुरक्षित व सुविधाजनक बनेगा। रेलवे का मानना है कि इस रणनीतिक बदलाव से ट्रेन में महिला यात्रियों की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी आसानी होगी। रेलवे ने उम्मीद जताई है कि इस कदम से महिलाओं की यात्रा अधिक सहज, सुरक्षित तथा सुगम बनेगी।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली : ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के कारोबार के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी बनी हुई है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,532.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह

नैस्डेक ने 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 21,886.06 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45,542.01 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,225.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत फिसल कर 22,632.95 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,761.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर मजबूती का रुख नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजार में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स 0.28 प्रतिशत टूट कर 26,127 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 4,345.30 अंक के स्तर पर बना हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,093 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,333.73 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 299.99 अंक यानी 1.19 प्रतिशत उछल कर 25,492.58 अंक के स्तर तक आ गया है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 508.33 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,346 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,786.94 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.12 प्रतिशत उछल कर 3,855.10 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,287.31 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों की हुई शुरूआत

मीरजापुर : उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 से विभिन्न संकायों में परास्नातक स्तर के नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर की जाएगी और इसके लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। प्रवेश आवेदन ऑनलाइन विश्वविद्यालय की में 10 सितंबर से 18 सितंबर तक भरे जा सकेंगे। मेरिट लिस्ट 19 सितंबर को जारी होगी तथा काउन्सिलिंग एवं प्रवेश की प्रक्रिया 20 और 21 सितंबर को संपन्न होगी। कक्षाओं की शुरूआत 21 सितंबर से होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।ये विषय होंगे उपलब्ध कला संकाय में-एम.ए. शिक्षाशास्त्र,एम.ए. समाज कार्य(टरह) ,एम.ए. भूगोल,एम.ए. गृह विज्ञान,बाल एवं मानव विकास,आहार एवं पोषण,वाणिज्य संकाय में-एम.कॉम,विज्ञान संकाय में योगा एवं नेचुरोपैथी शामिल हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

जूट मिल श्रमिकों का वेतन बंद, दासनगर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य को घेरकर जताया विरोध

हावड़ा : हावड़ा के दासनगर इलाके में गुरुवार को उस समय भारी तनाव उत्पन्न हो गया जब लंबे समय से वेतन न मिलने से नाराज आरती कॉटन मिल के श्रमिकों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद शमिक भट्टाचार्य को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस बेकाबू विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्य के खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी ने किया। श्रमिकों ने मिल प्रबंधन और केंद्र सरकार दोनों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल बकाया वेतन चुकाने की मांग की। स्थिति बिगड़ने पर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने हालात को नियंत्रण में रखने और टकराव टालने के लिए श्रमिकों और राजनीतिक नेताओं से बातचीत शुरू कर दी है।

सराफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी की घटी चमक

नई दिल्ली : घरेलू सराफा बाजार में सोना आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। जबकि चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,10,520 रुपये से लेकर 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,01,310 रुपये से लेकर 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,10,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

13 और 8 साल के किशोरों ने छह वर्षीय मासूम के साथ की दरिंदगी, दोनों पुलिस हिरासत में

कानपुर : उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित जाजमऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत महज 13 और आठ साल के दो किशोरों ने पांच रुपये का लालच देकर छह साल की एक मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना लिया। काफी जद्दोजहद के बाद बच्ची दरिंदो के चंगुल से छूटकर रोते-बिलखते अपने घर पहुंची। सूचना पर पहुंची पुलिस मासूम का मेडिकल कराते हुए दोनों लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समाज मे फैली विकृत मानसिकता ने छोटे-छोटे बच्चों को भी अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है, जिसके चलते नाबालिक बच्चे भी ऐसे कृत्य करने लगे है कि जिसके बारे में कल्पना भी नही की जा सकती है। घटना थाना जाजमऊ क्षेत्र के छबीलेपुरवा की है। यहां रहने वाले 13 वर्षीय और आठ वर्षीय दो किशोरों की नीयत पड़ोस में रहने वाली छह साल की मासूम बच्ची पर बिगड़ गई। उन्होंने बच्ची को अकेला पाकर उसे पांच रुपये का लालच दिया और बहला-फुसलाकर अपने साथ पास के ही एक सूने और बंद पड़े मकान में ले गए।उस सुनसान घर में दोनों ने मिलकर बच्ची के साथ हैवानियत की हदें पार कर दीं। जब दर्द से कराहती बच्ची ने चिल्लाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसका मुंह दबा दिया। ताकि उसकी आवाज बाहर न जा सके और कोई उनकी करतूत जान न पाए। किसी तरह दरिंदों के चंगुल से छूटकर मासूम बच्ची रोते-बिलखते अपने घर पहुंची। उसकी हालत देखकर माँ घबरा गई। जब माँ ने उससे प्यार से पूछा तो बच्ची ने अपने साथ हुई दरिंदगी की पूरी कहानी बताई, जिसे सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। घर में कोहराम मच गया और उन्होंने बिना देर किए तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी नाबालिग किशोरों को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर एसीपी कैंट आकांक्षा पाण्डेय भी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित बच्ची के परिजनों से बात की। एसीपी के निर्देश पर बुधवार की देर रात पीड़ित बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया। एसीपी कैंट आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि 13 वर्षीय किशोर द्वारा छह वर्षीय किशोरी से रेप करने की बात सामने आई है। इस घिनौने कृत्य में उसका आठ वर्षीय दोस्त भी सहयोगी था। दोनों नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एमबीए 2025-26 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 12 सितंबर को, ऑनलाइन जमा होगी फीस : कुलसचिव

वाराणसी : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की कुलसचिव डॉक्टर सुनीता पांडे ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2025 - 26 एमबीए में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 12 सितंबर को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के वाणिज्य संकाय में कराई जाएगी। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का भौतिक सत्यापन होगा। काउंसलिंग के बाद अभ्यर्थियों को काउंटर पर ऑनलाइन फीस जमा करना होगा। कुलसचिव डॉक्टर सुनीता ने बताया कि एमबीए की फीस को काउंसलिंग स्थल पर ही बने काउंटर पर जमा करना होगा। अगर कोई अभ्यर्थी किन्हीं कारण से निर्धारित समय में फीस नहीं जमा कर पता है तो उसकी अभ्यर्थन को निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही उसे दूसरा मौका भी नहीं देंगे। यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि किसी अभ्यर्थी को कोई यात्रा व्यय नहीं दिया जाएगा।

न्यूज IN ब्रीफ

जमीन से जुड़े कार्यकताओं को संगठन से जोड़ा जाए : अशफाक आलम

ठेठईटांगरः प्रखंड अंतर्गत घुटबहार पंचायत कांग्रेस कमेटी के बीच संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत नियुक्ति पत्र प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम मंडल अध्यक्ष जॉनसन डांग पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो के द्वारा दिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं को सम्मान देने का काम कर रही है ताकि कार्यकताओं में संगठन का काम करने में जोश और उमंग मिलेगा आज कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठन सृजन नियुक्ति पत्र कार्यकताओं का पहचान देने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का प्रयास है कि जमीन से जुड़े कार्यकताओं को संगठन से किस तरह जोड़ा जाए, यह समझा जाए। आगे उन्होंने कहा कि संगठन को नए रूप में सक्रिय किया जाएगा। ताकि आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं का बेहतर तरीके से सामना किया जा सके। मौके पर मौजूद प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू प्रखंड उपाध्यक्ष बीरबल बड़ाइक, रोयान समद, उदय बडिंग, अनिमा जोजवर, मार्शल सुरीन, सुभाष बडिंग, आदि पंचायत कमिटी उपस्थित थे।

कुंआ में डूबने से एक महिला की मौत

कोलेबिरा : थाना क्षेत्र के नवटोली ग्राम में कुआं में डूबने से 50 वर्ष मुनि खडियाइन की मौत हो गई जानकरी के अनुसर मुनि खदियाइन 11:30 बाजे अपने घर के समीप कुआं में पानी भरने गई थी पानी भरने के दौरन पाँव फिसल जाने से वह कुआं में गिर पड़ी इसके बाद वह ऊपर नहीं आई इधर बहुत देर से घर नहीं आने पर उनकी बेटी सोनीला डुंगडुंग अपनी मां को ढूंढ़ने निकल गई इस दौरन कुएं के पास रस्सी और बाल्टी देख घबरा गई तथा आस-पास के लोगों को बुलाई फिर ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकला! मृतिका मजदूर और कृषि का कार्य करती थी उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं ! घाटने की सुचना मिलते ही नवाटोली मुखिया कल्पना देवी , भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार घाटना स्थल पर पहुंच कर घाटने की जानकारी प्रशसन को दिया. सुचना मिलते ही कोलेबिरा थाना के एस आई इंद्रजीत समद एएसआई रामनाथ जोंको मौके पर पहुंचें और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया.

पेंशन अदालत 13 सितंबर को

लोहरदगा : प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के निर्देश के आलोक में उपायुक्त, लोहरदगा के आदेशानुसार दिनांक 13.09.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला मुख्यालय लोहरदगा, समाहरणालय परिसर में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाना है। इस पेंशन अदालत का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों से संबंधित पेंशन, लंबित दावों, अनियमितताओं एवं प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है, ताकि पात्र लाभार्थियों को ससमय पर उनका उचित अधिकार प्राप्त हो सके।

उक्त संदर्भ में सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, जिला लोहरदगा को उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा यह निदेश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों के सभी लंबित पेंशन मामलों का संकलन कर उक्त पेंशन अदालत में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। सभी पदाधिकारियों को उनके स्तर पर किसी प्रकार की शिकायतों का यथास्थान पर ही समाधान करने का निदेश दिया गया है। साथ ही, पेंशन अदालत में उपस्थित होकर सेवानिवृत कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों की समस्याओं को गंभीरता से सुने जाने और आवश्यक कार्रवाई हेतु व्यावहारिक समाधान अविलंब उपस्थापित करने का भी निदेश दिया गया है। उपायुक्त ने अधिक से अधिक पेंशन धारकों को इस पेंशन अदालत सम्मिलित होकर अपनी समस्याओं का त्वरित समाधन कराने की अपील की है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

देवघर : जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार आगामी 15 सितंबर को होने वाले एन0डी0डी0 कार्यक्रम हेतु जिलास्तरीय टीओटी का आयोजन मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सदर अस्पताल देवघर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज भगत ने सभी प्रतिभागियों को एन0डी0डी0 कार्यक्रम की जानकारी साझा की साथ ही इसकी ससमय रिपोर्टिंग की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि 1 से 19 साल तक के बच्चों को, 15 सितंबर को सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों पे कृमि नियंत्रण की दवा खिलाई जाएगी तथा छूटे हुए बच्चों के लिए 19 सितंबर को मौप अप राउंड कर दवा खिलाई जाएगी। साथ ही जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सिंह द्वारा कहा गया कि सभी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पे आई ई सी मटेरियल तथा कृमि मुक्ति दवा पहुंचवाने की बात कही। टी0ओ0टी0 में एविडेंस एक्शन से चिन्मय सेन के द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी को एन डी डी कार्यक्रम तथा उसके रिपोर्टिंग फॉर्मेट की जानकारी साझा की गई। टी0ओ0टी0 कार्यक्रम में डॉ. रमेश कुमार जिला आर सी एच पदाधिकारी, पोखराज कुमार डीडीएम, शिक्षा विभाग के पदाधिकार उपस्थित थे।

जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

दुमका : कन्वेंशन सेंटर दुमका में बुधवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता, संयुक्त निबंधक संथाल परगना प्रमंडल एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

डीआईजी नौशाद आलम ने पाटन थाना का किया औचक निरीक्षण

बिनय मिश्रा

पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम पाटन थाना पहुंचकर साफ सफाई और स्वच्छता के साथ साथ पुलिस अधिकारी के रहने वाले आवास की वस्तुतः स्थिति की जानकारी ली तत्पश्चात

उन्होंने पाटन के पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया जबकि अपने अधीनस्थ पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया ।

डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराना पुलिस का दायित्व है वहीं अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कार्य कर रही है ' उन्होंने कहा कि पब्लिक के साथ मित्रवत व्यवहार कर अपराध पर अंकुश लगाना है आम जनता की समस्याओं को सुनकर उसका निदान अविलंब करना है '

लगभग 1 घंटा तक पाटन थाना में रहे जहां पर जवानों अधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त किया एवं बेहतर कार्य करने वाले को रिवॉर्ड देने की घोषणा की '

जबकि उन्होंने पाटन थाना प्रभारी को निर्देश दिया की थाना परिसर में अंधकार की स्थिति बनी हुयी है वहाँ पुलिस लाइन के जीपी शाखा से संपर्क कर लाइट लगाये। अभिलेख का संधारण सही रूप में चल रहा है,इसे और भी अपडेट करने कि आवश्यकता पर बल दिया '

उन्होंने कहा कि आज के समय में जमीनी विवाद काफी बढ़ रहा है जिसे जिला प्रशासन के द्वारा महीना में तीन दिन तक शनिवार को अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के द्वारा थाना दिवस का आयोजन होता है जिसमें मामले को निपटाया जाता है,इसमें और पारदर्शिता लाने और शीघ्र निष्पादन करने की आवश्यकता है '

आम जनता के सहयोग से ही पुलिस अपराध पर काबू पाया जा सकता है जनता के बीच अच्छी छवि और भरोसा बनाए '

निर्दोष पर मामला दर्ज नहीं हो मौके पर पाटन के पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, थाना प्रभारी पाटन शशि शेखर पांडे ,नया जयपुर थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ,तरह हंसी थाना प्रभारी आनंद राम, एस आई अनिल सिंह,एस आई आदित्य प्रसाद,ए एस आई संतोष कुमार ,धर्मेंद्र सिंह, मिथुन कुमार ,हमारी सिंह कृष्ण प्रजापति समेत और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

प्रस्तावित राजकीय रामरेखा महोत्सव 4 से 6 नवंबर तक, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

संवाददाता

सिमडेगा : इस वर्ष सिमडेगा का प्रसिद्ध धार्मिक रामरेखा महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 04 से 06 नवंबर 2025 तक प्रस्तावित तीन दिवसीय राजकीय रामरेखा महोत्सव का आयोजन रामरेखा धाम परिसर के आस पास होगा। महोत्सव के आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री एम. अर्शी की संयुक्त अध्यक्षता में रामरेखा विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पारंपरिक पूजा-अनुष्ठान, मेला आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस वर्ष विशेष रूप से वृहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि रामरेखा मेला में हर वर्ष झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ समेत देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस बार राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजन होने से भीड़ और अधिक रहने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। एसपी एम अर्शी ने बताया कि मेला अवधि में पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। यातायात पर विशेष नियंत्रण और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं रामरेखा विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से रामरेखाधाम महोत्सव आयोजन के लिए विभिन्न कार्यक्रम के स्थल की स्थलीय निरीक्षण कर उपयुक्त जगह चिन्हित करने की बात कहीं गई। प्रत्येक होने वाले कार्यक्रम का विस्तारीकरण पर विमर्श किया गया। इस संबंध में विद्युतीकरण,पेयजल,जलापूर्ति,तथा पथ के मरम्मति के लिए संबंधित विभाग को अवगत कराया गया।

बैठक में अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बखला, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी, सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी एवं रामरेखा धाम समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे।

सर सबों को है आपपर गर्व

कोडरमा के डीएसपी रतिभान सिंह को आईजी क्रांति कुमार गडिसरी ने किया सम्मानित

संवाददाता

कोडरमा के डीएसपी रतिभान सिंह को बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो के लिए आईजी क्रांति कुमार गडिसरी ने सम्मानित किया जो निश्चित तौर पर श्री सिंह के बेहतर और उत्कृष्ट कार्य का परिणाम है। श्री सिंह जहां भी पदस्थापित रहे अपने कार्यों और उपलब्धि से राज्य और जिला को गौरवान्वित किया है।श्री सिंह इससे पूर्व जब बंदगांव थाना में पदस्थापित थे तब घाटी में सड़क लुटेरों का खौफ था जिसे श्री सिंह के द्वारा समाप्त किया गया। रांची जिला के अरगोड़ा में इनकी पदस्थापना काल में शांति व्यवस्था और बेहतर कार्य से पुलिस की छवि काफी बेहतर बनी थी।

आज भी श्री सिंह अरगोड़ा वासियों को याद हैं।श्री सिंह इसके पश्चात महुआ टाड़ के डीएसपी के रूप में पदस्थापित रहे पुलिस और आमलोगों के बीच बेहतर और प्रगाढ़ संबंध इनकी विशेषता रही। वर्तमान समय में वे कोडरमा के डीएसपी हैं और उनके बेहतर कार्य के फलस्वरूप उन्हें पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा सम्मानित किया जाना उपलब्धि और गौरव की बात है। ऐसे पुलिस अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

चीन में आयोजित महिला एशिया कप में भारतीय महिला हॉकी टीम सुपर 4 मैच में कोरिया को 4-2 से पराजित कर पूरे 03 अंक अर्जित किए , इस मैच में भारतीय टीम की ओर से एक गोल करने के साथ मैच में शानदार प्रदर्शन कर रही सिमडेगा की संगीता कुमारी को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। हॉकी सिमडेगा की ओर से बहुत बहुत बधाई।

डीसी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

देवघर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने गुरुवार को कल्याणपुर स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।इसके अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वीवीपीएटी हॉल, बीयू हॉल के साथ आवश्यक विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों के अनुपालन को लेकर

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयर हाउस गेट पर लगाये गये सील की जांच करते हुए परिसर में प्रतिनियुक्त जवानों के साथ परिसर व कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्रों का अवलोकन करते हुए समय-समय पर फायरबॉक्स मशीनों की जाँच एवं साफ-सफाई करते रहने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।

निधि पाठक के जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामना और बधाई

अधिवक्ता एवं बीएम न्यूज की रांची ब्यूरो चीफ निधि पाठक के जन्मदिन के अवसर पर मम्मी मामा मामी मौसी विनीत जया आस्था एवं यश एवं समस्त मित्रगण शुभचिंतक की ओर से हार्दिक शुभकामना और बधाई।

मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का ऑन द स्पॉट किया गया समाधान

संवाददाता

देवघर : जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। वहीं जनता दरबार के दौरान झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त श्री लकड़ा ने जनता दरबार में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया, ताकि

योग्य लाभुकों का भुगतान किया जा सके और अयोग्य लाभुकों का नाम पोर्टल से हटाया जा सके। इसके अलावा, पेंशन योजना के तहत वैसे लाभुक जिनका किसी त्रुटि के कारण भुगतान लंबित है, त्रुटि का निराकरण करने का निर्देश दिया गया, ताकि वैसे पेंशन के लाभुकों का भुगतान किया जा सके। आगे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। ज्ञात हो कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।